

स्टेज 4 कैंसर से जूझ रही हैं अभिनेत्री तनिष्ठा चटर्जी

https://epaper.shubhamsandesh.net

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, मंगलवार 26 अगस्त 2025 । भद्र पद शुक्ल पक्ष द्वितीया, संवत 2082 । रांची एवं पटना से प्रकाशित । वर्ष : 3, अंक : 139 । मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12



पेज 12

### 20 करोड़ साल पुराना राज खुला

## जैसलमेर में मिला डायनासोर का दुर्लभ जीवाश्म

एजेंसी। नई दिल्ली

जोधपुर की जय नारायण व्यास यूनिवर्सिटी के पृथ्वी प्रणाली विज्ञान संकाय के डीन प्रोफेसर वी.एस. परिहार की टीम ने जैसलमेर जिले के मेघा गांव में एक अनोखा जीवाश्म खोजा है।

यह 20 करोड़ साल पुराना फाइटोसॉरस है, जो आकार और बनावट में मगरमच्छ जैसा दिखता है। भारत में यह पहली बार और दुनिया में सिर्फ दूसरी बार ऐसा जिवाश्म मिला है। यह खोज 21 अगस्त को हुई और वैज्ञानिक इसका ध्यान से अध्ययन कर रहे हैं। मिले हुए जीवाश्म का कंकाल 1.5 से 2 मीटर लंबा है।

इससे पता चलता है कि यह मध्यम आकार का फाइटोसॉरस था। इसके पास मिला एक अंडा इस जीव की प्रजनन प्रक्रिया को समझने में मदद करेगा। बता दें, फाइटोसॉरस प्राचीन काल के ऐसे जीव थे जो नदी और जंगलों के पास रहते थे और मुख्य रूप से मछलियां खाते थे। वैज्ञानिक मानते हैं कि यह जीव पर्मियन-ट्राइसिक काल की बड़ी तबाही से भी बच गए थे और जुरासिक युग तक जीवित रहे। यह खोज जैसलमेर की 'लाठी फॉर्मेशन' नामक चट्टानों से हुई है जो जुरासिक काल की हैं। उनका कहना है कि यह भारत की भूवैज्ञानिक पहचान को नई ऊंचाई देगा। वैज्ञानिकों का मानना है कि जैसलमेर में आने वाले समय में भारत की भूवैज्ञानिक धरोहर के रूप में और भी बड़ा स्थान हासिल करेगा।



#### 20 किलोमीटर तक फैली है यह पहाड़ी



मेघा गांव की यह पहाड़ी करीब 20 किलोमीटर तक फैली हुई है और अकाल वुड फॉसिल पार्क से जुड़ी है। जिवाश्म मिलने के बाद प्रशासन ने इस क्षेत्र को सुरक्षित करने के लिए चारों और तारबंदी कर दी है। इससे पहले भी गांव के तालाब के पास जीवाश्म मिले थे, जिनसे अंदाजा लगाया जा रहा है कि वहां कोई 8 से 10 फीट लंबा उड़ने वाला शाकाहारी डायनासोर भी रहा होगा। प्रोफेसर परिहार ने इस खोज को एतिहासिक बताया है।

### जिला अवर निबंधक ने कई विभागों को पत्र लिख कहा, निबंधन है अनिवार्य

## लीज दस्तावेजों के निबंधन में हो रही लापरवाही

एक्सक्लूसिव

- राज्य सरकार को राजस्व का भारी नुकसान

अमित सिन्हा

**धनबाद।** लीज, बंदोबस्ती का निबंधन नहीं कराया जा रहा है. जिसे राज्य सरकार को राजस्व की हानि हो रही है. नियमानुसार हाट बाजार, तालाब, पार्किंग की बंदोबस्ती का निबंधन कराना अनिवार्य है. इसके बावजूद सभी विभाग उदासीन बना हुआ है. जिला अवर निबंधक, धनबाद ने पत्र जारी कर सहायक नगर आयुक्त धनबाद नगर निगम, जिला मत्स्य पदाधिकारी और जिले के सभी अंचल अधिकारियों को हाट, बाजार, वाहन स्टैंड, सैरात, नदी से बालू उठाव, और मछली पालन के लिए तालाबों की बंदोबस्ती जैसे एक वर्ष या उससे अधिक अवधि के लीज दस्तावेजों का अनिवार्य निबंधन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है.

यह पत्र प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा), झारखंड, रांची के पत्र के संदर्भ में जारी किया गया है.

पत्र में स्पष्ट किया गया है कि भारतीय निबंधन अधिनियम 1908 की धारा 17(1)(डी) और मुद्रांक अधिनियम 1899 के अनुच्छेद 35 के तहत, एक वर्ष या उससे अधिक अवधि के लिए निष्पादित सभी लीज दस्तावेजों का समुचित मुद्रांक शुल्क और निबंधन शुल्क के साथ निबंधन कराना अनिवार्य है. इसके बावजूद, संबंधित कार्यालयों द्वारा इन दस्तावेजों का निबंधन नहीं कराया जा रहा है, और न ही पक्षकारों को इसके लिए उचित निर्देश दिए जा रहे हैं. इस लापरवाही के परिणामस्वरूप राज्य सरकार को राजस्व की भारी हानि हो रही है, जिसे गंभीरता से लिया गया है.

महालेखाकार कार्यालय के अंकेक्षकों ने अपने अंकेक्षण प्रतिवेदन में इस मुद्दे पर बार-बार आपत्ति दर्ज की है. जिला अवर निबंधक ने अपने पत्र में उल्लेख किया कि इस संबंध में उनके कार्यालय द्वारा बार-बार अनुस्मारक भेजे गए हैं, लेकिन निबंधन की प्रक्रिया ₹लगभग नगण्य₹ रही है. यह स्थिति न केवल राजस्व हानि का कारण बन रही है, बल्कि प्रशासनिक पारदर्शिता और जवाबदेही पर भी सवाल उठा रही है.

जिला अवर निबंधक ने सभी संबंधित अधिकारियों से अनुरोध किया है कि वे अपने स्तर पर तत्काल कार्रवाई करें और पक्षकारों को लीज दस्तावेजों के निबंधन के लिए स्पष्ट निर्देश जारी करें. इस कदम से न केवल राज्य सरकार के राजस्व में वृद्धि होगी, बल्कि नियमों का पालन सुनिश्चित करके प्रशासनिक प्रक्रिया को और मजबूत किया जा सकेगा.

यह पत्र राजस्व संरक्षण और सरकारी नियमों के अनुपालन को लेकर एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है. स्थानीय प्रशासन और संबंधित अधिकारियों से उम्मीद की जा रही है कि वे इस निर्देश का त्वरित और प्रभावी ढंग से पालन करेंगे, ताकि राज्य के राजस्व को होने वाली हानि को रोका जा सके और व्यवस्था में सुधार लाया जा सके.

### सदर अस्पताल में आज

| | | |
|---|---|---|
| मेडिसिन | - | डॉ मासूम आलम, डॉ शीला |
| हड्डी रोग | - | डॉ हरेंद्र कुमार |
| सर्जरी | - | डॉ प्रभात कुमार |
| नेत्र रोग | - | डॉ गोलु पिनाज |
| दंत रोग | - | डॉ स्नेहा केशरी |
| शिशु रोग | - | डॉ उमेन्द्र कुमार |
| मनोरोग | - | डॉ संजय कुमार |
| स्त्री एवं प्रसूति रोग | - | डॉ रुमा प्रसाद |
| फिजियोथेरेपी | - | -- |
| ईएनटी स्पेशलिस्ट | - | -- |
| **गायनी इमर्जेंसी** | | |
| सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक | - | डॉ संध्या तिवारी |
| दोपहर 2 से रात 8 बजे तक | - | डॉ सुमन |
| रात 8 से सुबह 8 बजे तक | - | डॉ अंजना कुमारी |
| **जेनरल इमर्जेंसी** | | |
| सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक | - | डॉ निलम बाला |
| दोपहर 3 से रात 9 बजे तक | - | डॉ ईपिल टोपनो |
| रात 9 से सुबह 9 बजे तक | - | डॉ मंगेश |

## फुलारीटांड़ में मुखिया पति पर ताबड़तोड़ फायरिंग

- बाइक सवार अपराधियों ने की फायरिंग, दो गोलियां लगी
- खून से लथपथ शंकर बेलदार को ले जाया गया अस्पताल
- पुलिस ने मौका-ए-वारदात से दो खोखे बरामद किए
- अवैध कारोबार में रंजिश को लेकर हुआ है हमला

- शंकर का अशर्फी अस्पताल में जारी है इलाज

शुभम संदेश। बाघमारा



फुलारीटांड़ डुमरा मुख्य सड़क पर स्थित बीसीसीएल बरोरा एरिया वन क्षेत्रीय कार्यालय के समीप सोमवार शाम करीब 6:30 बजे अज्ञात अपराधियों ने मांद्रा पंचायत के मुखिया पति शंकर बेलदार पर ताबड़तोड़ गोलीबारी कर दी गई. इस हमले में शंकर बेलदार गंभीर रूप से घायल हो गए. गोलीबारी के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए.

घटना के दौरान शंकर बेलदार ने भागकर बरोरा क्षेत्रीय कार्यालय के बारांडा में शरण लेकर किसी तरह अपनी जान बचाई. अपराधियों के जाने के बाद शंकर ने फोन कर अपने लोगों को घटना की जानकारी दी.आनन फानन में खून से लतपथ शंकर को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया.इधर गोलीबारी की खुलेआम घटना से आसपास के दुकानदारों में दहशत फैल गई, और धड़ाधड़ दुकानें बंद हो गई. ग्रामीणों में भी इस घटना से भय का माहौल है. जानकारी के अनुसार पुरानी रंजीत को लेकर शंकर पर गोलीबारी की गई है. अपराधियों ने उसके घर से ही पीछा करना शुरू किया था. मौका पाकर एरिया ऑफिस के पास उसपर फायरिंग की थी. चर्चा है कि शंकर अवैध कारोबार से जुड़ा है, इस अवैध कारोबार के कारण उस पर गोली चली है. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दो बाइक पर सवार चार अज्ञात अपराधियों ने शंकर को पीछे से आवाज दी और फिर अचानक ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी. शंकर की कमर और पैर में दो गोलियां लगने की सूचना है. घटना की सूचना मिलते ही बाघमारा डीएसपी पुरुषोत्तम कुमार, तोपचांची इंस्पेक्टर असीम कमल टोपनो, कतरास थाना प्रभारी आसित कुमार सिंह, बाघमारा थाना प्रभारी अजीत कुमार और बरोरा थाना प्रभारी साधन कुमार मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी. पुलिस ने घटनास्थल से दो खोखा बरामद किए हैं और एरिया के गार्डों से पूछताछ कर रही है. फिलहाल, पुलिस सर्च अभियान चला रही है और अपराधियों की तलाश में जुटी है. इस घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी है, वहीं लोग सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं. वहीं शंकर का इलाज धनबाद के अशर्फी अस्पताल में जारी है. डीएसपी ने कहा कई सदिग्धों को हिरासत में लिया गया है.

## पूर्वी टुंडी के सिंगरायडीह में डायरिया का प्रकोप जारी

- मिले सात मरीज, दो की हालत गंभीर
- मवेशी बेचकर ग्रामीण ईलाज कराने को मजबूर
- स्वास्थ्य विभाग कर रहा खानापूर्ति

शुभम संदेश। टुंडी

पूर्वी टुंडी प्रखंड अंतर्गत सिंगरायडीह गांव में सोमवार को डायरिया के सात मरीज मिले हैं. जिनमें शनिचर हंसदा, कल्पना कुमारी, आकांक्षा कुमारी, सहित अन्य लोग बिमारी से पीड़ित पाए गए. जिनमें चार मरीजों को टुंडी सीएचसी इलाज के लिए भेजा गया. एक का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है. दो मरीजों की सामान्य स्थिति देखते हुए घर में ही दवाई दिया गया है. वहीं दो मरीजों की स्थिति गंभीर पायी गई है. स्वास्थ्य सहिया रीता दत्ता ने पूरे दिन मरीजों की देखरेख की. गांव में बढ़ते डायरिया की स्थिति से ग्रामीण डर के माहौल जी रहे हैं.

बता दें कि रघुनाथपुर पंचायत में घोसालडीह में एक महिला की मौत डायरिया से हो गई थी. उन्हीं का बेटा रामू भोगता उम्र 45 वर्ष डायरिया से पीड़ित पाया गया, जिसे टुंडी सीएचसी इलाज के लिए भेजा गया. बताया जाता है कि भोक्ता टोला में जल स्रोत का साधन सिर्फ एक ही कुआं है. जहां से टोला के सभीलोग पानी पीते हैं. वहीं लगातार हो रही बारिश से कुआं का पानी गंदा हो गया था. स्वास्थ्य विभाग के द्वारा समय पर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव नहीं किए जाने पर यह भयावह स्थिति बनी हुई है. रघुनाथपुर पंचायत की मुखिया सुचिता मरांडी ने बताया कि समय पर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव नहीं किया गया. ग्रामीणों में जागरूकता कमी रही. वहीं मुखिया प्रतिनिधि प्रदीप बास्की लगातार स्वास्थ्य विभाग के टीम के साथ लोगों के सहायता में जुटे रहे हैं. डॉ विकास राणा ने बताया कि गांव-गांव सर्वे किया जा रहा हैं. डायरिया की स्थिति को जल्द नियंत्रण किया जाएगा. हालात ये है कि कई परिवार बकरा-बकरी बेचकर इलाज करा रहे हैं. ग्रामीणों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग केवल खानापूर्ति कर रही है. आरोप है कि बीडीओ , सीओ डायरिया की रोकथाम को लेकर कोई दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं.

### ब्रीफ खबरें

#### बरवाअड्डा : सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

**बरवाअड्डा।** सोमवार की रात लगभग आठ बजे बरवाअड्डा थाना अंतर्गत कल्याणपुर के समीप सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की घटनास्थ पर मौत हो गईं. प्राप्त जानकारी के अनुसार पीठाकियारी- निरसा निवासी लगभग 36 वर्षीय तुफान दास बाइक से राजगंज से गोविंदपुर की ओर से आ रहे थे. इस दौरान कल्याणपुर के समीप कलकत्ता हाईवे रोड पर डिवाइडर के समीप एक अज्ञात वाहन ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दिया. तेज रफ्तार के कारण बाइक अनियंत्रित को डिवाइडर से टकरा गई. जोरदार टक्कर के कारण तूफान दास बाइक के साथ हवा में उछलते हुए लगभग पचास फीट दूर सड़क पर जा गिरा. घटना में तूफान रविदास की सर में गंभीर चोट लगी और घटनास्थल पर उसकी मौत हो गयी. घटना की सूचना पर बरवाअड्डा पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद भेज दिया.

#### उपायुक्त ने किया सीबीआई के डायरेक्टर जनरल का स्वागत



**धनबाद।** उपायुक्त आदित्य रंजन तथा वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने सोमवार को सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) के डायरेक्टर जनरल प्रवीण सूद का पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया. सीबीआई के डायरेक्टर जनरल सोमवार की दोपहर सड़क मार्ग से धनबाद पहुंचे. वे धनबाद में विभागीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे.

## केंदुआडीह बस्ती के युवक की बरकट्ठा में मिली लाश

- चार दिन पूर्व दोस्त के साथ गया था बरही, दोस्त भी गायब

शुभम संदेश। पुटकी

भागाबान्ध ओपी के केन्दुआडीह बस्ती से चार दिनों से लापता 25 वर्षीय विवाहित युवक शंकर दास की संदिग्ध हालत में बरकट्ठा के निकट जीटी रोड पर शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गयी है. साथ में ही लापता हुए बचपन के दोस्त बिरजू दास का भी कोई ट्रेस नहीं मिल पा रहा. उसका मोबाइल भी स्वीच ऑफ बता रहा. इधर दोनों युवकों के परिजनों से भागाबान्ध ओपी प्रभारी धर्मराज कुमार पूछताछ कर रहे है. दोनों युवक 21 अगस्त की शाम से लापता है. शंकर को बिरजू मोटरसाइकिल से लेकर पिपरा (बरही )के लिए निकला था. ओपी में 23 अगस्त को गुमशुदगी की सूचना अंकित है. बिरजू की बहन पिपरा में रहती है. घर में झगड़े की खबर सुन बिरजू मोटरसाइकिल से शंकर को लेकर निकला था. शंकर राजमिस्त्री है. जिसने जाने के पहले सारी बात पत्नी को बताई थी. उधर बिरजू के मोबाइल पर 21 तारीख को शाम 4 बजे बहन से बात हुई. इसके बाद से उसका कोई पता नहीं चल रहा है. घरवाले बिरजू से कोई बात होने व उसके मोबाइल नम्बर की जानकारी से इंकार कर रहे हैं. इससे मामला और पेचीदा बन गया गया. बरकट्ठा में शव मिला है और वहां एक्सीडेंट होने की चर्चा है. लेकिन कोई स्पस्ट कारण या वाहन नहीं मिला. शंकर के साथ गए युवक व उसका मोटरसाइकिल भी नहीं बरामद हुई है. बरकट्ठा पुलिस की सूचना के बाद से भागाबान्ध पुलिस सक्रिय हो गयी है. मामले के सभी पहलुओं को टटोल रही है.

#### बीसीसीएल कर्मी पर यौनशोषण का मुकदमा

**मधुबन।** खरखरी ओपी क्षेत्र के मधुबन परसबनिया में यौनशोषण का मामला प्रकाश में आया है. पीड़िता ने खरखरी ओपी पुलीस से मधुबन थाना क्षेत्र के फुलारीटांड़ शिव मंदिर के समीप रहने वाले नवीन चौहान पर शादी का झांसा देकर यौन शोषण व मानसिक प्रताड़ना करने आरोप लगाया है. पुलिस शिकायत पर मामला दर्ज कर करवाई में जुट गई है. बताया जा रहा है कि युवक बीसीसीएल कर्मी है उसकी ज्वाइनिंग के दो-ढाई महीने ही हो रहा है. मामला स्वजातिय होने के कारण प्रबुद्ध व समाजसेवी लोगों द्वारा सुलझने का प्रयास किया गया. परंतु युवक द्वारा युवती को अपनाने से इंकार कर दिया. शिकायत में युवती ने बताया कि जनवरी 2024 में पिकनिक के दौरान दोनों की दोस्ती हुई थी.

## चोरी की तीन बाइक के साथ तीन गिरफ्तार, भेजे गए जेल

शुभम संदेश। झरिया



झरिया थाना क्षेत्र में घटित मोटरसाइकिल चोरी की घटना का झरिया पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है. सोमवार को झरिया थाना परिसर सभागार में सिंदरी एसडीपीओ आशुतोष कुमार सत्यम ने प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि मोटरसाइकिल गिरोह घर दबोचा गया है. चोरी की तीन मोटरसाइकिल बरामद की है. छापेमारी के दौरान पुलिस ने तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. गिरफ्तार आरोपियों में बेड़ा नियामतपुर थाना बलियापुर के रहने वाले 27 वर्षीय याकिब खान, बलियापुर नीमटोला निवासी 19 वर्षीय सद्दाम हुसैन और उसी इलाके के 18 वर्षीय मो. जाबिर शामिल हैं. पुलिस द्वारा बरामद की गई मोटरसाइकिलों में झरिया से चोरी हुई हीरो ग्लैमर के अलावा हीरो होंडा सीडी डाउन और हीरो होंडा स्प्लेंडर भी शामिल हैं. अपराधियों से पूछताछ की जा रही है और प्रारंभिक जांच में इनके शामिल होने वाले अन्य चोरी के मामलों के बारे में भी जानकारी मिली है. पुलिस इस मामले में आगे की जांच कर रही है. थाना अंतर्गत मातृसदन अस्पताल के पास से 21 अगस्त को एक हीरो ग्लैमर मोटरसाइकिल जेएच10 एडब्ल्यू-2032 चोरी हो गई थी.इस संबंध में वाहन मालिक मो. समीर अहमद शाह ने लिखित शिकायत झरिया में की थी. शिकायत के आधार पर झरिया थाना में मामला दर्ज किया गया. झरिया थाना प्रभारी शशि रंजन के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया. टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए चोरी की गई ग्लैमर मोटरसाइकिल को बरामद कर लिया और तीन चोरों को दबोच लिया.

### राजनीति


### मुख्यमंत्री हेमंत हेमंत सोरेन की अमित शाह ने की जमकर तारीफ

## राज्य में विपक्षी भाजपा के लिए नई चुनौती या रणनीति ?

शुभम संदेश। रांची

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान ने झारखंड की सियासत में नई चर्चाओं को जन्म दे दिया है. एक न्यूज एजेंसी को दिए इंटरव्यू में शाह ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सराहना करते हुए उन्हें लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक प्रक्रिया का प्रतीक बताया. शाह ने कहा कि सोरेन ने भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दिया, कोर्ट से बरी हुए और फिर 2024 के उपचुनाव में जनता का समर्थन हासिल कर दोबारा मुख्यमंत्री बने, यह लोकतंत्र की शक्ति को दर्शाता है.

गौरतलब है कि हाल ही में अमित शाह और हेमंत सोरेन रांची में आयोजित पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में एक मंच पर नजर आए थे. उस मुलाकात के कुछ ही समय बाद शाह का यह बयान सामने आना कई मायनों में अहम माना जा रहा है. यह बयान इसलिए भी खास माना जा रहा है,क्योंकि यही अमित शाह 2024 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान साहिबगंज और दुमका की रैलियों में सोरेन सरकार को सबसे भ्रष्ट करार दे चुके थे. उस समय शाह ने झारखंड में घुसपैठ, भ्रष्टाचार और अव्यवस्था को लेकर जोरदार हमले बोले थे. ऐसे में अब सोरेन की तारीफ करना बीजेपी की रणनीति में बड़ा बदलाव माना जा रहा है.





राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो यह बयान भाजपा की एक व्यापक रणनीति का हिस्सा हो सकता . जानकारों का कहना है कि अमित शाह का यह कदम विपक्ष के साथ तल्खियों को कम करने संवाद की गुंजाइश बढ़ाने और आगामी चुनावों के मद्देनज़र सियासी समीकरणों को साधने की कोशिश हो सकती है. खासकर बिहार में 2025 के विधानसभा चुनाव को देखते हुए यह बयान महत्वपूर्ण हो जाता है, जहां बीजेपी और जेडीयू गठबंधन का सीधा मुकाबला महागठबंधन से है. विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि जब कांग्रेस की अगुवाई में विपक्ष संसद में लगातार भ्रष्टाचार, महंगाई और घुसपैठ जैसे मुद्दों पर सरकार को घेर रहा है ऐसे समय में अमित शाह का यह नरम रुख विपक्ष की आक्रामकता को कमजोर करने की रणनीति का हिस्सा हो सकता है. इससे बीजेपी की छवि एक समावेशी और संवैधानिक मूल्यों का सम्मान करने वाली पार्टी के रूप में पेश हो सकती है.

फिलहाल हेमंत सोरेन या उनकी पार्टी जेएमएम की ओर से अमित शाह के इस बयान पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है. हालांकि, बीते समय में सोरेन सरकार ने बीजेपी पर राज्य में घुसपैठ जैसे मुद्दों को लेकर राजनीति करने का आरोप लगाया था. उन्होंने यह भी कहा था कि घुसपैठ की जड़ें बीजेपी शासित राज्यों से हैं.

झारखंड की राजनीति में इस बयान को संभावित बदलाव की आहट के रूप में देखा जा रहा है, क्या बीजेपी और क्षेत्रीय दलों के बीच नई समीकरण बन सकते हैं? क्या बिहार और झारखंड में विपक्ष के अंदर सेंध लगाने की तैयारी है? या यह सिर्फ एक कूटनीतिक प्रशंसा है? इन सभी सवालों के जवाब आने वाले समय में साफ होंगे.

## दाखिल खारिज के लिए सांसद से मिले झरिया के व्यवसायी



- बीसीसीएल पर रैयतों को एंक्रोचर बनाने की साजिश रचने का आरोप

शुभम संदेश। झरिया

झरिया के मकान का निबंधन, दाखिल-खारिज, पंजी 2 , नामांतरण जैसी समस्याओं को लेकर झरिया के व्यवसाईयों का एक प्रतिनिधि मंडल धनबाद सांसद ढुल्लू महतो से मिला. प्रतिनिधि मंडल में झरिया वस्त्र व्यवसायी संघ के अध्यक्ष उपेंद्र गुप्ता, पूर्व पार्षद अनूप साव, चेंबर ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष दीपू दत्ता, सोना-चांदी व्यवसाय संघ के राजू वर्मा, समाजसेवी पवन खरकिया, त्रिलोकी प्रमाणिक, पिंटू बर्मन, धर्मेंद्र साव, बिहारी वर्मा थे.

(शेष पेज-11 पर)

# रोजगार के लिए बरोरा जीएम कार्यालय में जड़ा ताला

◆ प्रबंधन के खिलाफ की जमकर नारेबाजी ◆ प्रबंधन ने खतियानी जमीन का किया था अधिग्रहण

**शुभम संदेश। बाघमारा**




रोजगार उपलब्ध कराने की मांग को लेकर सोमवार को ग्रामीणों ने बरोरा जीएम कार्यालय में ताला जड़कर बीसीसीएल प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे विधायक प्रतिनिधि हिमांशु शेखर रवानी ने बताया कि मुराईडीह कोलियरी के विस्तार के लिए ग्रामीण दिलीप कुमार रवानी की 1.30 एकड़ खेतियानी जमीन अधिग्रहण कर उन्हें विस्थापित किया गया. इसके बदले प्रबंधन ने रोजगार देने के लिए को-ऑपरेटिव सोसाइटी गठन और असैनिक कार्यों में शामिल करने का प्रस्ताव पारित किया था, लेकिन पिछले चार महीनों से बरोरा जीएम इस मुद्दे पर टालमटोल कर रहे हैं. हिमांशु शेखर रवानी ने कहा कि जीएम को कई बार फोन किया गया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया. उन्होंने आरोप लगाया कि बीसीसीएल ग्रामीणों की जमीन पर कोयला उत्पादन कर रही है, लेकिन विस्थापितों को नजरअंदाज किया जा रहा है. उन्होंने चेतावनी दी कि प्रबंधन की मनमानी नहीं चलेगी और ग्रामीणों के सम्मान को ठेस नहीं पहुंचने दी जाएगी. जीएम के उदासीन रवैये के कारण ग्रामीणों को कार्यालय में तालाबंदी करनी पड़ी. तालाबंदी की सूचना मिलने पर जीएम पीयूष किशोर क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचे और ग्रामीणों व विधायक प्रतिनिधि से वार्ता की. वार्ता में जीएम ने आश्वासन दिया कि कंपनी नियमानुसार विस्थापितों की समस्याओं का जल्द समाधान करेगी. इस दौरान एपीएम अभिराज शेखर, पर्सनल मैनेजर संतोष कुमार, कार्मिक प्रबंधक एचके हेना, सांसद प्रतिनिधि मटुक मिश्रा, ग्रामीण दिलीप कुमार रवानी, दुर्गा शर्मा, शुभम रवानी, रंगलाल रवानी, माहेश्वर रवानी, परशुराम रवानी, विक्की माली, रामचंद्र रवानी, विकास रवानी, शिबू रवानी, चंदन महतो, रतन लाल महतो, चंदन रवानी, विशाल रवानी, रवि रवानी, महेश कर्मकार, राजेश राम आदि मौजूद थे.

# बरोरा-फुलारीटांड़ मार्ग पर प्रदर्शन, रोकी ट्रांसपोर्टिंग

बीसीसीएल के खिलाफ नारेबाजी, वादाखिलाफी का आरोप

**शुभम संदेश। बरोरा**



बीसीसीएल क्षेत्र संख्या 1 अंतर्गत बरोरा-फुलारीटांड़ को जोड़ने वाले मार्ग पर ग्रामीणों और उनके वाहनों को सीआईएसएफ द्वारा रोकने से आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया. घटना की सूचना मिलने पर बरोरा बरोरा मुखिया प्रतिनिधि सह,विधायक प्रतिनिधि देवानंद साव और पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि आजाद कुम्हार के नेतृत्व में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बीसीसीएल के खिलाफ नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गए. ग्रामीणों का आरोप है कि बीसीसीएल ने वर्षों पहले उनके रास्ते को कोयला खनन के लिए काट दिया था. वादा किया था कि सड़क का निर्माण सुचारू रूप से किया जाएगा. लेकिन सड़क की स्थिति बदहाल है, बड़े वाहनों के कारण गड्ढे बन गए हैं और कीचड़ से आवागमन में भारी परेशानी हो रही है. देवानंद साव ने कहा, बीसीसीएल ने चोरी की और अब सीनाजोरी कर रही है. सड़क निर्माण का वादा पूरा नहीं किया गया और अब रास्ता भी रोका जा रहा है. जब तक बीसीसीएल लिखित आश्वासन नहीं देता, तब तक ट्रांसपोर्टिंग बंद रहेगी. मौके पर एएमपी कोलियरी के मैनेजर पंचन पांडेय ने ग्रामीणों को समझाने की कोशिश की, लेकिन ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े रहे. इसके बाद बरोरा क्षेत्र 1 के महाप्रबंधक पीयूष किशोर ने दूरभाष पर बातचीत के बाद 11 बजे कार्यालय में ग्रामीणों को बुलाया और 600 मीटर सड़क निर्माण एवं रोड लाइट की व्यवस्था जल्द करने का लिखित आश्वासन दिया. तब जाकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन समाप्त किया और ट्रांसपोर्टिंग शुरू हुई. प्रदर्शन में विधायक प्रतिनिधि बिनोद साव, मुखिया प्रतिनिधि देवानंद साव, आजाद कुम्हार, दूधनाथ गोप, साव, कालीचरण कुम्हार, संतोष महतो, धीरेंद्र रवानी, छोटन विसियार सहित कई ग्रामीण शामिल थे.

## राजयोगिनी दादी की 18 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा के नेहरू रोड स्थित प्रजापति ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय विश्व बंधुत्व दिवस राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि के 18वीं पुण्यतिथि का समापन सोमवार को श्रद्धांजलि सभा व ब्रम्हा भोज के साथ संपन्न हो गया.भाई- बहनों द्वारा राजयोगिनी दादी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की व उनके जीवनी पर प्रकाश डाला.इसके बाद सेन्टर में ब्रह्मा भोज का आयोजन किया गया. मौके पर सेन्टर की संचालिका अर्चना बहन,ऊशा बहन, मोनीता बहन,जोबा बहन, रिम्पा बहन जीतेन्द्र भाई, मुकेश भाई, जोगेंद्र भाई आदि थे.

## पुटकी बाउरी बस्ती में मां मनसा की पूजा

**पुटकी।** पुटकी बाउरी बस्ती में माँ मनसा पूजन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. सोमवार के विसर्जन में झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री अमर कुमार बाउरी शामिल हुए. पुटकी बस्ती में मां मनसा पूजा का बालेश्वर बाउरी के आवास पर माता का पूजा अर्चना किया गया. पूर्व मंत्री अमर कुमार बाउरी आरती कार्यक्रम के साथ विसर्जन में शामिल हुए. विसर्जन में महिलाओं ने सिंदूर अबीर लगाकर काफी उल्लास पूर्वक माँ मनसा का विदाई की. विसर्जन में दीपू बाउरी, ध्रुव,आंसू, प्रदीप, मिहिर बाउरी, साधना देवी, अक्षय, टिंकू, सनी, महादेव, अजीत बाउरी राज कुमार बाउरी शामिल हुए.

# बारिश से टुंडी रोड का बुरा हाल

सड़क पर जल जमाव से क्षतिग्रस्त हो रही सड़कें

- वाहन चालक हो रहे दुर्घटना के शिकार

**शुभम संदेश। गोविंदपुर**



पिछले तीन माह से हो रही लगातार बारिश ने गोविंदपुर इलाके में टुंडी रोड की स्थिति चौपट कर दी है. तीन माह से टुंडी रोड एवं बेसिक स्कूल का पानी टुंडी रोड में बीच सड़क पर बह रहा है. इससे टुंडी रोड कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गया है. सड़क पर जगह-जगह गडढे हो गए हैं. पथ निर्माण विभाग ने पिछले दिनों गडढों को भरा था, पर लगातार हो रही बारिश से फिर गड्ढे हो गए हैं. बरसात में इन गड्ढों में पानी भर जाता है और गड्ढे का आभास नहीं होने के कारण वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो जा रहे हैं. बारिश में इन गड्ढों में ट्रक फंस जा रहे हैं. इससे सड़क जाम लग जा रहा है. थोड़ी बारिश में भी सड़क पर पानी जम जाता है और बाढ़ का दृश्य उत्पन्न हो जाता है. वर्तमान में यह सड़क पथ निर्माण विभाग धनबाद के अंतर्गत है. टुंडी रोड के मुहाने पर जीटी रोड में भी कई स्थानों पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं और इन गड्ढों में वाहन फंस जा रहे हैं. यही कारण है कि गोविंदपुर में टुंडी रोड और जीटी रोड पर पिछले कई दिनों से लगातार महा जाम लग रहा है. टुंडी रोड एक महत्वपूर्ण सड़क है, जो गिरिडीह, देवघर, जमुई आदि क्षेत्रों को जोड़ती है लगातार हो रही बारिश से इस सड़क पर चलना दुभर हो गया है. उधर बेसिक स्कूल का प्रवेश द्वार भी पानी से लबालब भरा हुआ है. बारिश होने पर स्थिति और विकट हो जाती है तथा बेसिक स्कूल के विद्यार्थियों का प्रवेश करना मुश्किल हो जाता है. प्रखंड संसाधन केंद्र जाने वाले लोगों को भी काफी फजीहत का सामना करना पड़ रहा है.

**पानी निकासी का हो चुका है टेंडर :** इस संबंध में पथ निर्माण विभाग के कनीय अभियंता अमित कुमार ने नागरिक समिति अध्यक्ष नंदलाल अग्रवाल को सोमवार को बताया कि टुंडी रोड और बेसिक स्कूल से पानी निकासी के लिए टेंडर हो गया है. इसकी प्राक्कलित राशि 36 लाख रुपए थी पर 30 प्रतिशत कम दर पर परवेज खान के नाम टेंडर हुआ है. अब कागजी कार्रवाई पूरी होने के बाद अगले माह नाली निर्माण का काम शुरू होने की उम्मीद है. उन्होंने यह भी कहा कि टुंडी रोड की साधारण मरम्मत का भी टेंडर हो गया है. कुंदन कुमार ने इसका ठेका प्राप्त किया है, जो 40 लाख का है. उन्होंने कहा कि सुभाष चौक से 50 मीटर तक विशेष मरम्मत कर दी जाएगी, उसके बाद बराकर तक साधारण मरम्मत का काम होगा. उन्होंने यह भी कहा कि नाली निर्माण के बाद ही साधारण मरम्मत का काम होगा. नाली निर्माण में गोविंदपुर के नागरिकों को सहयोग करना होगा, क्योंकि सड़क की जमीन का अतिक्रमण कर लिया गया है और नाली का निर्माण सड़क के पूर्वी भाग के अंतिम छोर पर होगा.

## संस्कार ज्ञानपीठ के आयुष महतो का ऐम्स देवघर में चयन



**बरोरा (शुभम संदेश)।** संस्कार ज्ञानपीठ हरिना के मेधावी छात्र आयुष महतो ने प्रतिष्ठित एम्स देवघर में नामांकन के लिए चयनित होकर संस्था, परिवार और समाज का नाम रोशन किया है. यह उपलब्धि आयुष की कड़ी मेहनत, लगन और संस्था द्वारा प्रदान की जा रही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का परिणाम है. रामडीह बोकारो के आयुष महतो ने संस्कार ज्ञानपीठ के छात्रावास में रहकर अपनी पढ़ाई पूरी की. पिता शक्तिपद महतो निजी क्षेत्र में कार्यरत हैं, जबकि माता कुंती देवी गृहणी हैं. आयुष ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, मामा और शिक्षकों को दिया है. संस्कार ज्ञानपीठ के निदेशक डॉ मुकेश कुमार रॉय ने आयुष को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि आयुष की यह उपलब्धि सभी छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत है. शिक्षकों और सहपाठियों ने भी आयुष को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी हैं.

## न्यूज अपडेट

### पप्पू बने दुर्गा पूजा समिति तेतुलमारी के अध्यक्ष

**धनबाद (शुभम संदेश)।** तेतुलमारी स्टेशन रोड पर श्री श्री दुर्गा पूजा आयोजन समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई. इस बैठक की अध्यक्षता दीपक दास ने की, जबकि संचालन लक्ष्मण सिंह ने किया. बैठक में आगामी दुर्गा पूजा को भव्य और आकर्षक रूप से आयोजित करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया. बैठक में पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से किया गया. जिसमें अध्यक्ष - पप्पू सिंह, उपाध्यक्ष - राकेश सिंह, सचिव - दीपक दास, सह-सचिव - शैलेंद्र घोष, राष्ट्रीय विश्वास, कोषाध्यक्ष - लक्ष्मण सिंह, सह-कोषाध्यक्ष - सुब्रत कुमार दास को चुना गया. संरक्षकः चंचल कुमार विश्वास, धनेश्वर वर्मा, दीपेश चौहान, उमेश सिंह, चक्रधारी महतो, गोपी, छोई, कार्यकारिणी सदस्यः राहुल कुमार दास, रंजीत यादव, अक्षय कुमार, प्रिंस यादव, रवि प्रजापति, राजू हाजरा, सुनील जी, विनोद सिंह, आशुतोष पांडे, शिवम चौधरी, राहुल कुमार, सोनू चौहान, कमल, सत्तो, जगेश्वर रवानी, निम्मू मित्रा, भोला खानी, श्याम, धीरज सिंह शामिल हैं. बैठक में समस्त पूजा समिति परिवार ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इस वर्ष दुर्गा पूजा को भव्यता के साथ संपन्न करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई. समिति ने सभी सदस्यों और स्थानीय लोगों से इस पावन आयोजन में सहयोग और समर्थन की अपील की है.

### प्रज्वला महिला मंडल ने बांटे जरुरतमंदों के बीच सामग्री



**तेतुलमारी (शुभम संदेश)।** सोमवार को बीसीसीएल पुराना सिजुआ क्षेत्रीय कार्यालय के समीप स्टाफ रिक्रिएशन क्लब के प्रांगण में 40 महिलाओं ( दैनिक मजदूरों )के बीच दीक्षा महिला मंडल की अध्यक्ष मिली दत्ता के निर्देशानुसार प्रज्वला महिला मंडल, बीसीसीएल सिजुआ क्षेत्र के तत्वाधान में बरसात के मौसम में मच्छरों का आतंक बहुत ही अधिक होता है. इसको देखते हुए मच्छरदानी तथा बेड-शीट का वितरण समिति की अध्यक्ष, शर्मिष्ठा चक्रवर्ती के द्वारा किया गया. इस अवसर पर प्रज्वला महिला मंडल की अध्यक्ष, शर्मिष्ठा चक्रवर्ती ने कहा हमारी प्रज्वला महिला मंडल, हर दबे, कुचले, गरीब, असहाय तथा समाज के अंतिम व्यक्तियों तक मदद पहुंचाने का कार्य करती है, और आगे भी करती रहेगी. ऐसे सामाजिक कार्य का कार्यक्रम दीक्षा महिला मंडल की अध्यक्ष मिली दत्ता के मार्गदर्शन में किया जाता है. इस अवसर पर भाषवती कुंडू, रेखा कुमार आदि उपस्थित थीं.

### कर्माटांड़ में एक हजार पौधे का वितरण



**गोविंदपुर (शुभम संदेश)।** सेल चासनाला की ओर से सोमवार को गोविंदपुर स्थित कर्माटांड़ में ग्रामीणों के बीच एक हजार पौधे वितरित किए गए. सीएसआर योजना के तहत कंपनी ने पर्यावरण को हरा भरा रखने के लिए पौधों का वितरण किया. इस मौके पर निवर्तमान वार्ड पार्षद एवं महानगर भाजपा की मंत्री प्रियंका देवी एवं भाजपा नेता उचित महतो ने सेल कंपनी की सराहना करते हुए कहा कि इससे पर्यावरण संरक्षण होगा. उन्होंने कहा कि ग्रामीण इलाकों में और पौधे वितरित किए जाएंगे. उचित महतो ने ग्रामीणों से पौधों के संरक्षण की भी अपील की. उन्होंने कहा पौधा लगाना महत्वपूर्ण नहीं, उसकी सुरक्षा बड़ी बात है. मौके पर कर्माटांड़ ईदगाह परिसर में भी पौधे लगाए गए. कार्यक्रम में अधिवक्ता रहमत अंसारी, साबिर आलम, मौकीम अंसारी, अंजुम हुसैन, शिबू गोराई, घनश्याम प्रसाद, निमाई मोहली, अशरफ अंसारी, आजाद, सिराज, राजेश, इरफान समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे.

### शोकाकुल परिवारों से मिले पूर्व सांसद रविंद्र पांडे



**बरोरा (शुभम संदेश)।** समाजसेवी अंबिका सिंह की निधन की खबर पाकर गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के 16वीं सांसद रविंद्र कुमार पांडे ने बाघमारा प्रखंड के लेढीडूमर और रंगेनीबारी गांव के शोकाकुल परिवारों से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं. लेढीडूमर निवासी राजेश सिंह, सुंदर सिंह के पिता और आशु सिंह व कैलाश सिंह के बड़े भाई डॉ. अंबिका सिंह का हाल ही में निधन हो गया था. वहीं, रंगेनीबारी निवासी भागीरथ सिंह की माता जी का भी बीते दिन देहांत हुआ था. पांडे ने दोनों परिवारों के घर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की और शोक संवेदना व्यक्त की. उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की. इस दौरान परमेंद्र सिंह, गोपाल सिंह, गौतम सिंह, मास्टर आशु सिंह, श्याम जी सिंह, जितेंद्र सिंह, प्रदीप सिंह, मनोज सिंह, मिथुन सिंह सहित कई अन्य लोग मौजूद थे.

## डीएसपी ने दी नियमित गश्ती के निर्देश



**शुभम संदेश। लोयाबाद**

धनबाद डीएसपी विधि-व्यवस्था नौशाद आलम सोमवार को लोयाबाद थाना पहुंचे. उन्होंने थाना क्षेत्र की विधि-व्यवस्था की समीक्षा की. डीएसपी करीब एक घंटे तक लोयाबाद थाने में रुके और विस्तृत रूप से थाना क्षेत्र की गतिविधियों की जानकारी ली. बैठक के दौरान उन्होंने विशेष रूप से पुराने लंबित मामलों की प्रगति पर चर्चा की और थाना प्रभारी को सभी कांडों के शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. कहा कि पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी अपराध नियंत्रण और न्याय दिलाना है. हर मामले में त्वरित कार्रवाई आवश्यक है. उन्होंने थाना स्तर पर नियमित गश्ती और असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखने का भी निर्देश दिया. बैठक में लोयाबाद थाना प्रभारी पीकु प्रसाद, जोगता थाना प्रभारी पवन कुमार, लोयाबाद थाना के एसआई रोहित कुमार समेत कई पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे.

# डॉक्टर के देर से आने पर सहियाओं का हंगामा

10 के बजाय 11 बजे खुला आरोग्य मंदिर का गेट, स्वास्थ्य सेवाओं पर उठे सवाल

**शुभम संदेश। कनकनी**



कनकनी आरोग्य मंदिर परिसर में सोमवार को जमकर हंगामा हुआ. आरोप है कि सहिया कार्यकर्ता समय से पहुंच गईं, लेकिन डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मियों की देरी से आने की वजह से स्वास्थ्य केंद्र का गेट करीब एक घंटे तक बंद रहा. इसको लेकर सहियाओं ने कड़ा विरोध जताया. सुबह 10 बजे सहियाएं बिमला तिवारी, रंजू देवी व एकता कुमारी केंद्र पहुंची. उनका कहना था कि नियम के अनुसार सभी को सुबह 10 बजे तक आरोग्य मंदिर में उपस्थित होना होता है. लेकिन रोजाना डॉक्टर के देरी से आने के कारण केंद्र का गेट समय पर नहीं खुलता. सोमवार को भी 11 बजे तक केंद्र बंद रहा. इसी बात से नाराज होकर सहियाओं ने जोरदार हंगामा किया. सहियाओं का आरोप था कि यदि कभी वे कार्य में थोड़ी सी भी देरी कर दें तो उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कर दी जाती है और उन्हें जिम्मेदार ठहराया जाता है. हाल ही में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा सहियाओं की देरी की शिकायत मिलने पर उन्हें चेतावनी भी दी गई थी. सहियाओं का कहना था कि जब डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मी देरी से आते हैं, तब कोई कार्रवाई क्यों नहीं की जाती.

डॉक्टर दीपक ने सफाई देते हुए कहा कि स्वास्थ्य केंद्र की एएनएम को कई बार दवाइयां और टीकाकरण का सामान लाने के लिए केंदुआडीह या दूसरे स्वास्थ्य केंद्रों पर जाना पड़ता है. इसी वजह से सोमवार को गेट खोलने में देरी हो गई. डॉक्टर ने हंगामे को अनावश्यक बताया और कहा कि काम की मजबूरी के कारण थोड़ी देर हुई थी.ज्ञात हो कि सोमवार को केंद्र में फाइलेरिया और फैमिली प्लानिंग से संबंधित बैठक प्रस्तावित थी, जिसमें सभी सहियाओं को शामिल होना था. सहियाओं का कहना है कि समय पर बैठक शुरू नहीं होने से उनके दिनभर के कामकाज पर असर पड़ा. वही ग्रामीणों का कहना है कि स्वास्थ्य सेवाओं में समय और पारदर्शिता नहीं रही तो आम जनता को भारी परेशानी होगी. अंत में सहियाओं ने चेतावनी दी कि यदि आगे भी इसी तरह गेट समय पर नहीं खुला, डॉक्टर देरी से आए, तो वे बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन करेंगी. मौके पर निरूपा देवी, सप्तमी देवी, बीना देवी, धनेश्वरी देवी, लखविंदर कौर, मीना देवी, पूर्णिमा देवी, रीना देवी, जुलेखा खातुन, आशा देवी, नितू देवी, लीलावती देवी, बंसती देवी सहित 28 सहिया मौजूद थी.

## कोलियरियों में बने समन्वय समिति : सांसद

**महुदा ।** बीसीसीएल के कोयला खनन परियोजना से प्रभावित एरिया-2 एवं अन्य परियोजनाओं में हो रही प्रबंधकीय, मानवीय एवं वित्तिय अनियमितता के संबंध में अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक के साथ सांसद सीपीचौधरी का कोयला भवन धनबाद में हुई. त्रिपक्षीय बैठक में सभी कोलियरी क्षेत्र में क्षेत्रवार समन्वय समिति के गठन पर सहमति बनी है. यह बात सांसद में अपने पत्र मे अल्लेख किया है . उसी के आलोक में पश्चिमी झरिया क्षेत्र मुनीडीह के महुदा क्षेत्र सं.-2 से समन्वय समिति में आजसु पार्टी की ओर से नरेश महतो, कैलाश रवानी, शत्रुघ्न महतो, शिवा प्रसाद एवं मुकेश कुमार महतो को मनोनित किया है. सांसद सीपी चौधरी ने बीसीसीएल डब्लु जेए मुनीडीह महाप्रबंधक को नामित प्रतिनिधियों को समिति का सदस्य बनाने के लिए अनुशंसा पत्र जारी किया है.

# जरूरतमंदों को मिले आकस्मिक खाद्यान्न कोष का लाभ

झारखंड राज्य खाद्य आयोग की प्रभारी अध्यक्ष ने की धनबाद में बैठक

- व्हाट्सएप नंबर 9142622194 पर कर सकते हैं आयोग से शिकायत

**शुभम संदेश। धनबाद**



प्रभारी अध्यक्ष-सह-सदस्या, झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग शबनम परवीन ने सोमवार को सर्किट हाउस में जिले के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की. उन्होंने धनबाद जिले में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के तहत संचालित योजनाओं की वस्तुस्थिति एवं संबंधित शिकायतों के निष्पादन की स्थिति तथा झारखण्ड राज्य आकस्मिक खाद्यान्न कोष के जिला स्तर पर आवंटन तथा पंचायत स्तर पर राशि की उपलब्धता एवं व्यय की स्थिति की समीक्षा की. उन्होंने आकस्मिक खाद्यान्न कोष का व्यापक प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया. कहा कि यह एक ऐसी व्यवस्था है जो प्राकृतिक आपदा, सूखा या अन्य विषम परिस्थितियों में जरूरतमंदों को तत्काल खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिए बनाई गई है. खासकर वैसे परिवारों के लिए जिनका राशन कार्ड तत्काल नहीं बन पाता या किसी अन्य कारण से वे खाद्यान्न नहीं खरीद पाते हैं. यह कोष खासकर प्रखण्ड स्तर पर उपलब्ध कराया जाता है और इसका प्रचार-प्रसार करने तथा योग्य लाभुकों को इसका लाभ दिलाने के लिए अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को निर्देश दिए गए हैं. कहा कि जिस उद्देश्य से इसका गठन किया है वह पूरा होगा. बैठक के दौरान उन्होंने त्रैमासिक निगरानी समिति की बैठक प्रखंड व पंचायत स्तर पर करने का भी निर्देश दिया. उन्होंने राजकीय प्राथमिक विद्यालय दुहाटांड का भ्रमण किया और बच्चों से रूबरू हईं. उन्होंने बताया कि बच्चों ने वार्तालाप के दौरान बताया कि उन्हें मेनू के अनुसार मिड डे मील मिलती है. उन्होंने एमटीसी का भी निरीक्षण किया. यहां 5 बच्चे भर्ती थे. उनका सही इलाज चल रहा है. बच्चों की माता को समय पर भोजन और नियमानुसार 130 रुपए प्रतिदिन मिल रहे हैं. इस पर उन्होंने संतुष्टि व्यक्त की. उन्होंने कहा कि झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग के व्हाट्सएप नंबर 9142622194 पर कोई भी व्यक्ति अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं. बैठक के दौरान उन्होंने आपूर्ति, मिड डे मील, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, आंगनबाड़ी केंद्र इत्यादि से संबंधित लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया. मौके पर अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एडीएम (सप्लाई) जियाउल अंसारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी पंकज कुमार, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, पणन पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी उपस्थित थे.

## कंप्यूटर और अंग्रेजी प्रश्न मंच प्रतियोगिता

**तेतुलमारी (शुभम संदेश)।** सोमवार को संगणक (कंप्यूटर )और अंग्रेजी प्रश्न मंच प्रतियोगिता में प्रथम शनिवार को सरस्वती विद्या मंदिर सिनीडीह में विभाग स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इस प्रतियोगिता में धनबाद और बोकारो विभाग के लगभग 22 विद्यालयों के प्रतिभागी भैया बहनों ने भाग लिया. संकुल स्तरीय प्रश्न प्रतियोगिता में जो भैया बहन प्रथम एवं द्वितीय आए थे, वैसे ही भैया बहन विभाग स्तरीय प्रश्न मंच में भाग लेते हैं. इस प्रतियोगिता में चार वर्ग के भैया बहन भाग लेते हैं. जिसमें शिशु ,बाल ,किशोर और तरुण वर्ग आते हैं. इस प्रतियोगिता में तेतुलमारी कंप्यूटर (शिशु वर्ग) और अंग्रेजी (बाल वर्ग)में प्रथम स्थान प्राप्त किया.

# मनरेगा में 'मृत' मजदूर कर रहे काम, घोटाला उजागर

शुभम संदेश। दुमका

दुमका जिले के शिकारीपाड़ा प्रखंड की शिवतला पंचायत में मनरेगा योजना के तहत एक बड़ा घोटाला सामने आया है. यहां एक मृत व्यक्ति को मजदूर बनाकर उसके नाम पर मजदूरी का भुगतान किया गया है. यह अनोखा मामला तब सामने आया जब शिवतला मौजा में इग्नायुश सोरेन की जमीन पर स्वीकृत बिरसा कूप निर्माण और पीसीबी योजनाओं में फर्जीवाड़ा पाया गया.

शिकायत के अनुसार मनरेगा के मेट ने अपने मृत पिता, जिनकी मृत्यु 8 सितंबर 2024 को हुई थी, को इन योजनाओं में मजदूर के रूप में दिखाया. इन दोनों योजनाओं में कुल 36 मानव-दिवसों की मजदूरी निकाली गई.



**अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों का पक्ष :** मुखिया सिलवंती सोरेन ने बताया कि मास्टर रोल मेट द्वारा तैयार किया जाता है और भुगतान रोजगार सेवक और कनीय अभियंता की लिखित सहमति के बाद होता है. उन्होंने इस मामले को जांच का विषय बताया.पंचायत सचिव लॉरेंस किस्कू से संपर्क नहीं हो पाया, क्योंकि उन्होंने फोन नहीं उठाया. रोजगार सेवक अखिलेश्वर मंडल ने सफाई देते हुए कहा कि योजना की शुरुआत उनके पूर्ववर्ती रोजगार सेवक ने की थी, इसलिए उन्हें इस मजदूर के जीवित या मृत होने की जानकारी नहीं थी. कनीय अभियंता सुनील सोरेन ने कहा कि वे मास्टर रोल में सिर्फ कार्य का सत्यापन करते हैं. सहायक अभियंता सन जॉन्स किस्कू से संपर्क स्थापित नहीं हो सका. प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा) कुमार प्रणव ने कहा कि उन्हें शिकायत मिल चुकी है और इसकी जांच की जाएगी. प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद एजाज आलम ने पुष्टि की कि उन्हें मृत व्यक्ति के नाम पर मजदूरी निकासी की शिकायत मिली है और जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी.

**भुगतान का विवरण**

**बिरसा कूप निर्माण (वर्क कोड 7080903687648)**

1. 10 मई 2025 से 16 मई 2025 तक : 6 दिन की मजदूरी – 1,692 रुपया
2. 18 मई 2025 से 31 मई 2025 तक : 12 दिन की मजदूरी – 3,384 रुपया
3. 10 जून 2025 से 16 जून 2025 तक : 6 दिन की मजदूरी – 16,932 रुपया
4. 19 जून 2025 से 21 जुलाई 2025 तक : 12 दिन की मजदूरी – 3,384 रुपया

**पीसीबी योजना (वर्क कोड 7080903489715)**

1. 16 जुलाई 2025 से 29 जुलाई 2025 तक : 12 दिन की मजदूरी – 3,384 रुपया

दोनों योजनाएं अभी भी चल रही है. एक मृत व्यक्ति के नाम पर मनरेगा में काम दिखाकर पैसे निकालना प्रशासन पर एक गंभीर सवाल खड़ा करता है.

## सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल

**साहिबगंज।** बरहेट थाना क्षेत्र के भाया-बोरियो बरहेट सड़क पर फूलभंगा मोड़ के पास एक बाइक असंतुलित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें दो लोग घायल हो गए. जानकारी के अनुसार, लछु मरांडी (46 वर्ष), जो झीमोली गांव के निवासी हैं, अपने साथ मुंशी हेंब्रम (8 वर्ष), पांडेर बथान निवासी, के साथ बोरियो से बरहेट की ओर आ रहे थे. फूलभंगा मोड़ के पास बाइक चालक अपना नियंत्रण खो बैठा और बाइक सहित सड़क पर गिर गया. घायलों को ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बरहेट लाया गया, जहां डॉ. बबलू कुमार ने उनका प्राथमिक उपचार किया. दोनों की स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया. घटना की सूचना मिलने पर, झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष बर्नार्ड मरांडी और जिला प्रवक्ता राजाराम मरांडी बरहेट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचे और घायलों से घटना के बारे में जानकारी ली.

## न्यूज अपडेट

### अवैध संबंध में बाधक बनी पत्नी की गला दबाकर हत्या



**पौड़ेयाहाट (शुभम संदेश)।** पौड़ेयाहाट थाना क्षेत्र के चिरूडीह गांव में तीन बच्चों की मां सविता देवी की उसके ससुराल में गला दबाकर हत्या कर दी गई. मृतका के पिता, जो हंसडीहा थाना क्षेत्र के ठाड़ी गांव के निवासी हैं ने बताया कि उनकी बेटी सविता की शादी लगभग ग्यारह साल पहले सदानंद झा से हुई थी. उनके तीन बच्चे हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले एक साल से उनके दामाद का गांव की ही एक महिला के साथ अवैध संबंध था. इसी बात को लेकर सविता का अपने पति से अक्सर झगड़ा होता था और उसके साथ बुरा बर्ताव किया जाता था. पिता ने बताया कि एक सप्ताह पहले ही वह अपनी बेटी के ससुराल गए थे और सभी को समझाने का प्रयास किया था, लेकिन एक सप्ताह के भीतर ही उनकी बेटी की मौत हो गई. पिता का आरोप है कि अवैध संबंध में बाधक बनने के कारण उनके दामाद ने अपने साथियों के साथ मिलकर सविता की गला दबाकर हत्या कर दी और फरार हो गया. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

### 250 किलो कबाड़ बरामद, तीन चोर गिरफ्तार

**गोड्डा (शुभम संदेश)।** पुलिस ने एक बर्तन की दुकान से चोरी हुए करीब 250 किलो कबाड़ को बरामद करते हुए तीन चोरों को गिरफ्तार किया है. यह घटना हनवारा थाना क्षेत्र के मिल्की हनवारा गांव की है. बीते 14 अगस्त को एक दुकानदार ने अपनी दुकान के बगल में प्लास्टिक के आठ बोरों में लगभग 250 किलो कबाड़ रखा था. इसमें मोटरसाइकिल और बिजली के पंखों के पुराने पार्ट्स सहित अन्य सामान शामिल थे. जब यह कबाड़ चोरी हो गया तो दुकानदार ने इसकी खोजबीन शुरू की. इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि गांव के बाहर एक पोखर के पास तीन लड़के संदिग्ध हालत में घूम रहे हैं. इस सूचना पर, हनवारा थाना प्रभारी राजन कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने जाल बिछाकर तीनों लड़कों को पकड़ लिया. पूछताछ में उनकी पहचान मो. मोजिम, रमजानी उर्फ मोनिया (दोनों मिल्की हनवारा निवासी) और सुमन कुमार (ग्राम तीनटंगा, भागलपुर निवासी) के रूप में हुई. हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर, इन तीनों ने चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की. उनकी निशानदेही पर, पुलिस ने पोखर के अंदर पानी में छुपाकर रखे गए कबाड़ से भरे आठों बोरे बाहर निकाले. चोरी के आरोप में तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया. पुलिस टीम में थाना प्रभारी के अलावा एस.ए.नि. रामप्रवेश यादव, विजय कुमार राम और अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे.

### जमीन विवाद में मारपीट, 6 लोग घायल

**जमुआ (शुभम संदेश)।** हीरोडीह थाना क्षेत्र के धुरेता गांव में जमीन विवाद को लेकर हुए खूनी संघर्ष में एक पक्ष के छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जमुआ लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें गिरिडीह रेफर कर दिया गया. घायलों में अमन कुमार भदानी, पंकज भदानी, प्रदीप भदानी, सुजल भदानी, धीरेंद्र भदानी, और जितेंद्र भदानी शामिल हैं. घायल धीरेंद्र भदानी ने बताया कि वे अपने खाता संख्या 20, प्लॉट संख्या 343 पर ट्रैक्टर से हल चला रहे थे. इसी दौरान गांव के अर्जुन यादव अपने साथ 20-25 पुरुषों और महिलाओं के साथ आए. वे सभी धारदार हथियारों से लैस थे और उन्होंने मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया. घटना की सूचना तुरंत हीरोडीह पुलिस को दी गई. पुलिस ने मौके पर पहुंच कर सभी घायलों को उपचार के लिए जमुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा. पीड़ित ने यह भी बताया कि इसी जमीन के विवाद को लेकर पहले भी उन लोगों ने उन पर हमला किया था, जिसमें उनके हाथ-पैर टूट गए थे. हीरोडीह थाना प्रभारी ने पुष्टि करते हुए बताया कि यह मारपीट जमीन विवाद को लेकर हुई है और सभी घायलों को इलाज के लिए जमुआ स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया गया है. मामले की जांच की जा रही है.

### छात्रा का शव फंदे से झूलता बरामद

**गिरिडीह (शुभम संदेश)।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सिहोडीह स्थित किराए के मकान में 19 वर्षीय छात्रा किरण कुमारी का शव फंदे से झूलता हुआ बरामद किया गया. मृतका की पहचान बिरनी थाना क्षेत्र के जरिडीह निवासी बहादुर सिंह की पुत्री के रूप में हुई है. जानकारी के अनुसार किरण कुमारी गिरिडीह में रहकर डिप्लोमा की पढ़ाई कर रही थी और बीते कुछ महीनों से सिहोडीह में स्व. कुणाल रंजन के मकान में किराए पर रह रही थी. हाल ही में उसने अपनी एक सहेली को भी साथ रहने के लिए बुलाया था. सोमवार को सहेली जब कमरे पर पहुंची तो दरवाज़ा और खिड़की अंदर से बंद मिले. काफी देर तक आवाज देने पर भी दरवाज़ा न खुलने पर उसने स्थानीय लोगों को सूचना दी. पूर्व उपमुखिया प्रतिनिधि की मौजूदगी में पुलिस को खबर दी गई. मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाज़ा तोड़ा, जहाँ छात्रा का शव साड़ी के फंदे से झूलता पाया गया. इसके बाद परिजनों को सूचित किया गया और शव को कब्ज़े में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया.

## ब्रीफ खबरें

### मवेशी चोरी में प्रयुक्त वाहन जब्त, चालक गिरफ्तार

**गिरिडीह।** पचम्बा थाना की पुलिस ने छापेमारी कर मवेशी चोरी में इस्तेमाल किए गए एक चारपहिया वाहन को जब्त कर लिया है और इस मामले में वाहन चालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. पचम्बा थाना क्षेत्र में इन दिनों मवेशी चोरी की घटनाओं में काफी वृद्धि हुई है. इन घटनाओं पर रोक लगाने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है. इसी क्रम में सोमवार को थाना प्रभारी राजीव कुमार के नेतृत्व में सब-इंस्पेक्टर सोनू कुमार और पुलिस की टीम ने छापेमारी की. इस छापेमारी में मवेशी चोरी में प्रयुक्त एक चारपहिया वाहन को जब्त किया गया और उसके चालक जकीउद्दीन को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया.

### ब्राउन शुगर का कारोबारी गिरफ्तार, गया जेल

**गोड्डा।** पुलिस ने मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री में शामिल एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. यह कार्रवाई मोतिया थाना क्षेत्र में हुई. पुलिस को सूचना मिली थी कि खटनई पुल के पास एक युवक घूम रहा है और मादक पदार्थों की आपूर्ति कर रहा है. इस सूचना के आधार पर मोतिया थाना की टीम पुलिस अवर निरीक्षक उपेंद्रनाथ सिंह के नेतृत्व में खटनई पुल के पास पहुंची और वहां से एक युवक को हिरासत में लिया. पूछताछ में उसने अपनी पहचान मो. सारिक आलम उर्फ बीरू के रूप में बताई. उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से ब्राउन शुगर की सात पुड़िया, एक इलेक्ट्रॉनिक मापतौल मशीन, एक वीवो कंपनी का मोबाइल और सिगरेट का एक पैकेट बरामद हुआ. बरामद किए गए सभी सामानों की विधिवत जब्ती सूची बनाई गई. आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया.

### 45 बोतल शराब के साथ एक युवक गिरफ्तार

**गोड्डा।** गोड्डा जिले के मेहरमा थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध रूप से शराब की तस्करी कर रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है. यह कार्रवाई मेहरमा थाना क्षेत्र के भगैया-बाराहाट मुख्य मार्ग पर हुई. पुलिस ने एक मोटरसाइकिल से 45 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की, जबकि इस दौरान दो अन्य तस्कर भागने में सफल रहे. हिरासत में लिए गए युवक की पहचान बिहार के भागलपुर जिले के टिक्लूगंज निवासी कुंदन कुमार के रूप में हुई. बाइक पर लदी बोरियों की तलाशी लेने पर, उनमें से रॉयल स्टैग और ब्लेंडर्स प्राइड ब्रांड की कुल 45 बोतलें मिलीं. पूछताछ में युवक ने बताया कि इस शराब को झारखंड से बिहार ले जाकर बेचा जाना था. पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया और शराब की बोतलों के साथ-साथ बिना नंबर की अपाचे मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया. इस कार्रवाई में थाना प्रभारी के अलावा उप-निरीक्षक सत्यदीप, सहदेव प्रसाद और कांस्टेबल लक्ष्मण दास व अफसर अली शामिल थे.

### मधुमक्खियों के हमले से 3 लोग घायल

**गावां (गिरिडीह)।** गावां प्रखंड के चरकी गांव में सोमवार को मधुमक्खियों के एक झुंड ने एक युवती सहित तीन लोगों पर हमला कर दिया. इस घटना के बाद सभी घायलों को गावां अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के बाद उन्हें घर भेज दिया गया. घायलों में चरकी गांव के नसीम उद्दीन (50 वर्ष), बैसेरुन खातून (40 वर्ष) और एक 18 वर्षीय युवती शामिल हैं. बताया जाता है कि मधुमक्खियों के झुंड ने, जो उनके घर की खिड़की के पास लगा हुआ था, अचानक इन पर हमला कर दिया.

**विस्थापित ग्रामों को पंचायती राज प्रणाली में शामिल करने की मांग को लेकर जिला मुख्यालय का घेराव**

# विस्थापित गांवों को पंचायती राज प्रणाली में तत्काल शामिल किया जाय : श्वेता सिंह

शुभम संदेश। बोकारो



विस्थापित अधिकार मंच, बोकारो जिला कांग्रेस कमेटी और इंडिया गठबंधन के घटक दलों के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को विधायक श्वेता सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों विस्थापित नागरिकों ने बोकारो इस्पात संयंत्र से विस्थापित हुए गांवों को पंचायती राज प्रणाली में शामिल करने की मांग को लेकर जिला मुख्यालय का घेराव कर अपना आक्रोश दर्ज कराया. विधायक श्वेता सिंह ने बताया कि यह आक्रोश किसी एक दिन का परिणाम नहीं, बल्कि पिछले 60 वर्षों से हो रहे अन्याय का नतीजा है. उन्होंने कहा कि वर्ष 1964 में बोकारो इस्पात संयंत्र की स्थापना के समय इन गांवों के निवासियों ने राष्ट्र के पुनर्निर्माण के लिए बिना किसी विरोध के अपनी जमीनें दी थीं, ताकि एक विकसित भारत और विकसित बोकारो बनाया जा सके. लेकिन आज तक इन गांवों को न तो किसी पंचायत में शामिल किया गया है और न ही किसी नगर निकाय में. इसका परिणाम यह हुआ है कि लगभग 50,000 से अधिक की आबादी बुनियादी सुविधाओं, सरकारी योजनाओं, युवाओं और छात्र-छात्राओं के लिए आय प्रमाण पत्र, आवासीय, जाति प्रमाण पत्र, छात्रवृत्ति (स्कॉलरशिप), और लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व से भी वंचित है, जबकि लोकसभा और विधानसभा चुनाव में इनके द्वारा वोटिंग की जाती है और सरकार बनाई जाती है. इस गंभीर मामले को संज्ञान में लेने के लिए बोकारो विधायक ने जिला उपायुक्त को लिखित रूप से ज्ञापन दिया है, जिस पर जिला उपायुक्त ने आश्वस्त किया कि इस संदर्भ में कार्य तीव्र गति से हो रहा है. विधायक ने कहा कि यह स्थिति केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि विस्थापित नागरिकों के संवैधानिक एवं मौलिक अधिकारों का खुला उल्लंघन है. उन्होंने स्पष्ट रूप से मांग की कि बोकारो इस्पात संयंत्र से विस्थापित गांवों को तत्काल प्रभाव से पंचायती राज प्रणाली में शामिल किया जाए. साथ ही, बीते दिनों विस्थापित अप्रेंटिस आंदोलन में शहीद हुए प्रेम महतो के परिजनों को नौकरी और शहीद प्रेम महतो की प्रतिमा एवं पार्क के लिए 20 डिसमिल भूमि दी जाए, जिसका पूर्व में सेल प्रबंधन, जनप्रतिनिधि और जिला प्रशासन के साथ संयुक्त वार्ता में आश्वासन दिया गया था. उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र ही ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो विस्थापित नागरिक बड़े पैमाने पर उग्र आंदोलन करने के लिए पुनः बाध्य होंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी बोकारो जिला प्रशासन एवं सेल प्रबंधन की होगी. इस अवसर पर बोकारो इंडिया गठबंधन के सुनीता देवी, मृत्युंजय शर्मा, हीरा लाल मांझी, विस्थापित परिवार के राधु राय, राजकुमार सिंह, हंसनाउल अंसारी, राम लाल महतो, काली मंडल, सब्बीर, महेंद्र महतो, काली मंडल, झाड़ी महतो, मनोज कुमार, अनीता रजवार, सुशील ओझा, हवलदार, शुक्र केवट, चंद्रिका गोस्वामी, अब्दुल अंसारी, सीता देवी, सोनाली, निराला सोरेन, बलेश्वर हेंब्रम, गिरधारी सिंह, शंकर सोरेन, शीतल हेंब्रम, गंगू केवट, अमित कुमार आदि उपस्थित थे.

## विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्रों में मौलिक व्यवस्था दुरूस्त करें : डीसी

शुभम संदेश। बोकारो

उपायुक्त अजय नाथ झा ने सोमवार को जिला समन्वय समिति की बैठक में सभी विभागों की योजनाओं की समीक्षा की. उन्होंने सभी विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों में पानी, बिजली और शौचालय की व्यवस्था को दुरुस्त करने का निर्देश दिया. इसके साथ ही गोमिया में नवनिर्मित आयुष्मान आरोग्य मंदिर को एक सप्ताह के भीतर चालू करने और प्री-मैट्रिक तथा पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति का शत-प्रतिशत भुगतान सुनिश्चित करने के आदेश दिए. उपायुक्त ने आगामी धान कटनी महोत्सव और धान खरीद की तैयारियों को भी पूरा करने का निर्देश दिया. बैठक के दौरान सभी अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया गया कि वे अपने-अपने कार्यालय परिसरों का नियमित निरीक्षण करें. इस निरीक्षण में सार्वजनिक शौचालयों की साफ-सफाई का जायजा भी लिया जाए और उनकी व्यवस्था को दुरुस्त रखा जाए. इस अवसर पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, डीपीएलआर मेनका, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढ़ांडा, अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो मुकेश मछुआ, डीसीएलआर चास प्रभाष दत्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी मारुति मिंज, जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खालखो, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी द्वारिका बैठा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ. सुमन गुप्ता, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पीयूष, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, नोडल पदाधिकारी पंकज दूबे सहित सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचलाधिकारी उपस्थित थे.

## सूर्या हांसदा की हत्या में शामिल लोग बख्शे नहीं जाएंगे : चंपई

शुभम संदेश। ललमटिया



झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन सोमवार को ललमटिया थाना क्षेत्र के ग्राम डकैता स्थित सूर्य नारायण हांसदा के श्राद्ध कर्म में शामिल होने और उनके परिवार से मिलने पहुंचे. उन्होंने सूर्य नारायण हांसदा द्वारा संचालित किए जा रहे चांद भैरव राजा राज विद्यालय के बच्चों से मुलाकात की और उनसे बातचीत की. इस अवसर पर उन्होंने सूर्य नारायण हांसदा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी.

**सूर्य नारायण हांसदा को बताया 'जाँबाज़ इंसान'**

चंपई सोरेन ने हांसदा के परिजनों को सांत्वना देते हुए उन्हें एक जाँबाज इंसान बताया. उन्होंने कहा कि सूर्य नारायण हांसदा गरीबों और कमजोर जनता की आवाज को मजबूती से उठाते थे और समाज में उनकी एक बड़ी पहचान थी.

**सीबीआई जांच की मांग**

पूर्व मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सूर्य नारायण हांसदा की हत्या एक साजिश के तहत की गई है. उन्होंने इस मामले की सीबीआई जाँच की मांग की, ताकि सच्चाई सामने आ सके. उन्होंने पुलिस पर भी अत्याचार का आरोप लगाया और कहा कि इस घटना में जो भी लोग शामिल होंगे, वे बच नहीं पाएँगे. उन्होंने सरकार को 'लुटेरों और हत्यारों की सरकार' बताते हुए कहा कि राज्य में खनिज, बालू, कोयला और पत्थर की लूट में सरकार खुद शामिल है और सूर्य नारायण हांसदा इसी का विरोध कर रहे थे. इस मौके पर पूर्व विधायक लोबिन हेंब्रम और चंपई सोरेन के साथ आए दर्जनों लोगों ने भी सूर्य नारायण हांसदा को श्रद्धांजलि दी.

### चहारदीवारी के अंदर खड़ी कार में लगी आग

**देवरी (शुभम संदेश)।** देवरी थाना क्षेत्र के सिकरुडीह गांव में एक बंद घर की चहारदीवारी के अंदर खड़ी एक फोर्ड फिगो कार में आग लग गई, जिससे कार पूरी तरह जलकर राख हो गई. कार में आग कैसे लगी, इसका पता नहीं चल पाया है, लेकिन आशंका जताई जा रही है कि किसी ने जानबूझकर आग लगाई है. यह कार सिकरुडीह निवासी कैलाश मंडल के भांजे सिकंदर मंडल की थी, जो ढेंगाडीह गाँव का रहने वाला है. सिकंदर ओडिशा में काम करता है और अपने घर में जगह न होने के कारण वह अपनी कार को कैलाश मंडल के यहाँ खड़ा रखता था.

**IN THE COURT OF EXECUTIVE MAGISTRATE BERMO, AT TENUGHAT.**

**AFFIDAVIT**

I, **RANJIT KUMAR SAW** s/o Basudeo Saw, resident of village Barai Near Hanuman Mandir, P.S.Penk Narayanpur, District Bokaro (Jharkhand), do hereby solemnly affirm and declare as follows :-

1. That, my Nationality is Indian.
2. That. I am aged about 29 years.
3. That my Aadhar Number is 86814583 1229.
4. That, in my Aadhar card PAN NO.ICOPS9532P my name is mentioned as **RANJIT KUMAR SAW.**
5. That, in my bank account Bank of India Bokaro Thermal Branch vide A/c. No. **479710110021916** my name is mentioned as RANJEET SAW.
6. That, **RANJIT KUMAR SAW** and **RANJEET SAW** is the same and one person i.e. myself.
7. That, I am swearing this affidavit for correction my name in bank account **RANJIT KUMAR SAW** in place of **RANJEET SAW.**
8. That, all contents are true and genuine if any contents found false then I shall be punish under law.

**VERIFICATION**

I, **RANJIT KUMAR SAW** do hereby declare that the above made statements are true and correct to the best of my knowledge and belief. Verified and sign at Tenughat on 24/02/25.

Affidavit No.: 729

Dated : 24.02.2025

## डीसी ने किया तारा मंडल और साइंस सेंटर का निरीक्षण, धीमी प्रगति पर जताई नाराजगी

शुभम संदेश। दुमका



उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने दुमका इंजीनियरिंग कॉलेज के पास बन रहे तारा मंडल भवन का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि भवन निर्माण का काम लगभग पूरा हो चुका है, लेकिन अन्य जरूरी कार्य अभी भी अधूरे हैं. उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इन कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया. काम की धीमी गति पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने कहा कि यदि संबंधित एजेंसी काम पूरा नहीं करती है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश की जाएगी. निरीक्षण के समय वहां कोई भी कर्मचारी या काम करने वाला व्यक्ति मौजूद नहीं था. उपायुक्त ने इस स्थिति से निदेशक, तकनीकी शिक्षा को अवगत कराने का निर्देश दिया.

**साइंस सेंटर और प्रखंड कार्यालयों का भी निरीक्षण :** इसके बाद, उपायुक्त ने निर्माणाधीन साइंस सेंटर का भी निरीक्षण किया, जिसका निर्माण भवन निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है. इस परियोजना की अनुमानित लागत 9.04 करोड़ है और इसे मई 2026 तक पूरा किया जाना है. साइंस सेंटर में एक ओपन एयर थिएटर, चिल्ड्रेन पार्क और सीसीटीवी कैमरों से लैस पूरा परिसर होगा. सुरक्षा के लिए अग्निशमन यंत्र भी लगाए जाएँगे. उपायुक्त ने प्रखंड और अंचल कार्यालयों का भी दौरा किया, जहाँ उन्होंने ग्रामीणों से उनकी समस्याओं के बारे में बात की. ग्रामीणों ने आधार से संबंधित समस्याओं की शिकायत की, जिस पर उपायुक्त ने आधार ऑपरेटर प्रीतम कुमार को दो दिनों के भीतर इन समस्याओं को हल करने का निर्देश दिया और देरी के लिए उनसे स्पष्टीकरण मांगा.

**अनियमितताओं पर त्वरित कार्रवाई :** अंचल कार्यालय के निरीक्षण के दौरान, ग्रामीणों ने शिकायत की कि कर्मचारी राज कुमार दास और श्याम लाल सोरेन खजाना रसीद नहीं काट रहे हैं. इस पर उपायुक्त ने दोनों के वेतन पर रोक लगाने और समस्या का तुरंत समाधान करने का निर्देश दिया. उपायुक्त ने कार्यालय के कर्मियों की उपस्थिति पंजिका की भी जांच की, जिसमें बीपीआरओ लखन सोरेन अनुपस्थित पाए गए. इस पर उन्हें स्पष्टीकरण जारी करने का निर्देश दिया गया. अंचल कार्यालय के प्रधान लिपिक को भी लंबित रिपोर्टों के लिए स्पष्टीकरण मांगा गया. उपायुक्त ने सभी कर्मचारियों को निर्देश दिया कि वे किसी भी रिपोर्ट को बेवजह लंबित न रखें और जाति, निवास, और आय प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेज नियमानुसार जल्द से जल्द जारी करें ताकि लोगों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें. उन्होंने सख्त चेतावनी दी कि कार्यालय भू-माफियाओं का अड्डा नहीं बनना चाहिए और लंबे समय से एक ही क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों के कार्यक्षेत्र को बदलने का निर्देश भी दिया.

## मुंबई पुलिस ने डॉलर धोखाधड़ी मामले में दो लोगों को किया गिरफ्तार

शुभम संदेश। साहिबगंज

डॉलर से धोखाधड़ी के मामले में महाराष्ट्र के मुंबई स्थित जोगेश्वरी पुलिस थाने की एक टीम ने साहिबगंज के राधानगर थाना पुलिस के सहयोग से दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है. इन दोनों को न्यायालय में पेश कर आगे की कार्रवाई के लिए रिमांड पर मुंबई ले जाया गया है. जानकारी के अनुसार राधानगर थाना क्षेत्र की दक्षिण पलाशगाछी पंचायत के निवासी इब्राहिम शेख और असराउल शेख को मुंबई पुलिस ने डॉलर के लेन-देन में धोखाधड़ी करने के आरोप में गिरफ्तार किया. बाद में दोनों आरोपियों को राजमहल व्यवहार न्यायालय में पेश किया गया. यह मामला जोगेश्वरी थाने में एक बुजुर्ग व्यक्ति के बयान पर कांड संख्या 340/25 के तहत दर्ज किया गया था. बुजुर्ग ने बताया कि उन्हें डॉलर का झांसा देकर करीब तीन लाख रुपये की ठगी की गई थी. मुंबई पुलिस टीम में असिस्टेंट पुलिस इंस्पेक्टर सुदर्शन डी. पटेल और अन्य सदस्य शामिल थे.

### आधी रात को घर की दीवार में दरार, बाल-बाल बचे

**तिसरी (शुभम संदेश)।** गिरिडीह जिले के तिसरी प्रखंड के पंदनाटांड गांव में एक परिवार उस समय बाल-बाल बचा, जब उनके कच्चे मिट्टी के घर की दीवार में अचानक दरार आ गई. यह घटना बीती रात की है, जब छोटू मुर्मू का परिवार सो रहा था. अचानक घर की दीवारों में मोटी दरारें पड़ गईं और दीवारें टूटने लगीं. यह देखकर, परिवार के सभी लोग डरकर घर से बाहर भाग गए. अब घर की स्थिति ऐसी है कि वह कभी भी गिर सकता है. परिवार के मुखिया छोटू मुर्मू, जो एक दिहाड़ी मजदूर हैं. उन्होंने बताया कि वे अभी तक अबुआ आवास या प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं उठा पाए हैं. प्रधानमंत्री आवास के लिए जियो-टैगिंग तो हो चुकी है, लेकिन उनके खाते में पैसे नहीं आए हैं. अब इस गरीब परिवार के सामने रहने की सबसे बड़ी समस्या है. दिन तो वे जैसे-तैसे कहीं बिता लेते हैं, लेकिन रात गुजारना मुश्किल हो गया है क्योंकि घर में रहना खतरे से खाली नहीं है.

# शिक्षकों के लिए समान कार्य समान वेतन की मांग

## विधायक राज सिन्हा ने विधानसभा में उठाया मुद्दा



**शुभम संदेश। धनबाद**

झारखंड विधानसभा के सचेतक एवं धनबाद विधायक राज सिन्हा ने सोमवार को विधानसभा सत्र के दौरान अल्पसूचित प्रश्न के तहत महत्वपूर्ण मुद्दों पर सवाल उठाए. इनमें प्राथमिक, मध्य और माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों के ग्रेड पे में कथित कमी, 'आचार्य' (शिक्षक) के नए ग्रेड पे से संबंधित समान कार्य के लिए समान वेतन के सिद्धांत का उल्लंघन, तथा झारखंड एजेंसी फॉर प्रमोशन ऑफ टेक्नोलॉजी (जेएपीटी), जेएपीटी आईटी और राज्य डेटा सेंटर से संबंधित सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-गवर्नेंस विभाग के मुद्दे शामिल थे.

### शिक्षा विभाग से संबंधित सवाल

धनबाद विधायक राज सिन्हा ने स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग से पूछा कि क्या यह सत्य है कि झारखंड में प्राथमिक, मध्य और माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों का नामकरण 'आचार्य' कर दिया गया है. साथ ही, पुराने ग्रेड पे (4200, 4600 और 4800) को समाप्त कर नए ग्रेड पे (2400, 2800 और 4200) लागू किए गए हैं. विधायक सिन्हा ने आगे पूछा कि क्या यह सही है कि झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा (2012 और 2016) के प्रमाण-पत्र धारकों को केवल काउंसलिंग के आधार पर नौकरी मिलने पर (खंड-01 के अनुसार) पुराने ग्रेड पे प्राप्त होंगे, लेकिन उसी प्रमाण-पत्र के आधार पर एक से अधिक परीक्षाओं में सफल होकर नौकरी पाने वाले व्यक्तियों को 'आचार्य' के रूप में नए ग्रेड पे दिए जाएंगे? यह समान कार्य के लिए समान वेतन के सिद्धांत का उल्लंघन है. यदि दोनों प्रश्नों के उत्तर सकारात्मक हैं, तो क्या सरकार केवल नामकरण को 'आचार्य' करने के आधार पर पुराने ग्रेड पे को यथावत रखने पर विचार करेगी, और यदि हां, तो यह कब तक लागू होगा?

### ई-गवर्नेंस विभाग से संबंधित सवाल

विधायक राज सिन्हा ने सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-गवर्नेंस विभाग से पूछा कि क्या झारखंड एजेंसी फॉर प्रमोशन ऑफ टेक्नोलॉजी के डेटा सेंटर का उपयोग वर्ष 2005-2006 से किया जा रहा है, और क्या राज्य डेटा सेंटर को 2014-2019 के दौरान उचित आधारभूत सुविधाओं और उपकरणों के साथ उन्नत किया गया है? यदि हां, तो क्या सरकार जेएपीटी डेटा सेंटर को राज्य डेटा सेंटर के साथ समाहित करने पर विचार कर रही है, और यदि हां, तो यह कब तक होगा?

## सूर्या हांसदा के इनकाउंटर की सीबीआई जांच हो : राज सिन्हा

**धनबाद।** धनबाद विधानसभा के सचेतक सह धनबाद विधायक राज सिन्हा ने सोमवार को झारखंड विधानसभा में कार्यस्थगन प्रस्ताव पेश किया. उन्होंने संथाल आदिवासी समाज के लोकप्रिय जननेता सूर्य नारायण हांसदा, जिन्हें सूर्या हांसदा के नाम से भी जाना जाता है, कि कथित फर्जी मुठभेड़ में हत्या को राजनीतिक षड्यंत्र और सत्ता संरक्षित हत्या करार देते हुए इस मुद्दे पर चर्चा की मांग की. विधायक राज सिन्हा ने कहा कि वर्तमान महागठबंधन सरकार (झामुमो, कांग्रेस, राजद), जो स्वयं को आदिवासियों का हितैषी बताती है, आज आदिवासी और मूलवासी समुदाय के खिलाफ कार्य कर रही है. हाल ही में संथाल आदिवासी समाज के मध्य जननेता के रूप में पहचाने जाने वाले सूर्य नारायण हांसदा उर्फ सूर्या हांसदा की एक कथित फर्जी मुठभेड़ में सत्ता के संरक्षण में निर्मम हत्या कर दी गई. विधायक सिन्हा ने अपने कार्यस्थगन प्रस्ताव में कहा कि सूर्य हांसदा झारखंड में आदिवासी समाज के लिए एक पथप्रदर्शक के रूप में उभरे थे और संथाल समाज में उनकी नायक के रूप में पहचान थी. यह इस बात से स्पष्ट है कि उन्होंने आदिवासी समाज के निर्धन, शोषित और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए लगभग 400-500 बच्चों के लिए स्कूल स्थापित किया, जहाँ नि:शुल्क शिक्षा और बोर्डिंग की सुविधा प्रदान की जा रही थी. सूर्य हांसदा हमेशा संथाल परगना क्षेत्र में आदिवासी समाज के सामाजिक, राजनीतिक और शैक्षणिक उत्थान के लिए आवाज उठाते रहे. वे आदिवासी समाज की अस्मिता, जल, जंगल और जमीन की सुरक्षा के लिए संघर्ष करते थे और गैरकानूनी कार्यों, आदिवासी समाज के खिलाफ हो रहे अन्याय, शोषण और जुल्म का पुरजोर विरोध करते थे.

## इंडियन ऑयल संवेदक के घर चोरी

### सूचना के बाद भी देर रात तक नहीं पहुंची पुलिस



**शुभम संदेश। धनबाद**

बाबूडीह जिला स्कूल के समीप इंडियन ऑयल के संवेदक जितेंद्र सिन्हा के घर में रविवार की रात चोरों ने सेंधमारी कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है. चोरों ने खिड़की का ग्रिल तोड़कर घर में प्रवेश किया और करीब 10 से 12 हजार रुपये नकद, कुछ कपड़े और महत्वपूर्ण कागजात चुरा लिए. घटना के समय जितेंद्र सिन्हा और परिवार के लोग दूसरे कमरे में सो रहे थे. सुबह जब जितेंद्र ने उक्त कमरे का दरवाजा खोलने की कोशिश की, तो पाया कि दरवाजा अंदर से बंद है, जबकि उस कमरे में कोई सोया नहीं था. खिड़की की ओर जांच करने पर पता चला कि ग्रिल टूटा हुआ है. चोरी की जानकारी मिलते ही जितेंद्र ने धनबाद सदर थाना को सुबह साढ़े छह बजे फोन पर सूचना दी. लेकिन, पुलिस की ओर से कोई त्वरित कार्रवाई नहीं हुई. शाम 7 बजे तक पुलिस के नहीं पहुंचने पर जितेंद्र ने मजबूरन मिस्त्री बुलाकर खिड़की का ग्रिल ठीक करवा लिया. इस घटना से स्थानीय लोगों में पुलिस की कार्यशैली के प्रति नाराजगी है. जितेंद्र ने बताया कि चोरी की घटना ने उन्हें आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान किया है, और पुलिस की उदासीनता ने उनकी निराशा को और बढ़ा दिया.

## शहर में सघन वाहन जांच अभियान दर्जनों वाहनों के कटे चालान



**शुभम संदेश। धनबाद**

विनोद बिहारी चौक समेत जिले के प्रमुख स्थान और चौक चौराहों पर सोमवार को पुलिस ने वाहन जांच अभियान चलाया. जिसके तहत दोपहिया वाहनों के कागजात, हेलमेट और मास्क की जांच की गई. शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर वाहन जांच अभियान में बिना हेलमेट पहनने वाले और बिना सीट बेल्ट लगाने वालों के ऊपर कार्रवाई की जा रही है. विनोद बिहारी चौक के समीप जांच अभियान के दौरान एक कार चालक व पुलिस अधिकारियों की तीखी बहस भी हुई. शहर से गुजरने वाले कई काले शीशे वाले चार पहिया वाहन मालिकों से जुर्माना वसूला गया. जबकि कई वाहन चालक अपने वाहन के शीशा से काली फिल्म उतारते देखे गए. वहीं दो पहिया वाहन चालक के कागजात, हेलमेट की भी जांच की गई.

## सुदामडीह में पानी के लिए प्रदर्शन

**चासनाला (शुभम संदेश)।** एएसपी कोलियरी सुदामडीह के फायर पेच में सुदामडीह में रह रहे स्थानीय लोगों ने सोमवार को प्रदर्शन करते हुए आंदोलन कर कार्य को ठप करा दिया. प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. उनका कहना था कि पानी की घोर किल्लत हो रही है लेकिन प्रबंधन की ओर से कोई पहल नहीं की जा रही है. जिससे आक्रोशित हो लोगों ने फायर पेच का काम ठप करा दिया है. वहीं इस मामले में स्थानीय प्रभात कुमार सिंह ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि लगभग 20 दिनों से पानी की घोर किल्लत हो रही है जो दबंग किस्म के लोग हैं उन्हें टैंकर के द्वारा पानी मुहैया प्रबंधन के द्वारा कराया जा रहा है.यह आंदोलन जारी रहेगा. इससे होने वाली जो भी क्षति होगी उसका जिम्मेदार बीसीसीएल प्रबंधन होगा. मौके पर आंदोलन में जितेंद्र सिंह, कमला आचार्य, मो इलियास, अनिल प्रसाद, मनोज शर्मा,संतोष वर्णवाल, रवि, मुकेश उर्फ मन्नू, सोना पाण्डेय, अरविंद साव, प्रेम दास,बम बम,अशोक,दिलीप रवानी, आदि शामिल थे.

## लायंस क्लब गोविंदपुर में लगा जांच शिविर



**शुभम संदेश। गोविंदपुर**

लायंस क्लब ऑफ गोविंदपुर ने सोमवार को लायंस एसएसबीबी स्कूल, प्रधानखंता में निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया. इसमें 155 मरीजों की जांच की गई और परामर्श दिया गया. इस अवसर पर नयनदीप नेत्र अस्पताल की 45 लोगों के आंखों की जांच की गई. इनमें 15 मरीज मोतियाबिंद से पीड़ित पाए गए, जिनका ऑपरेशन निःशुल्क किया जाएगा. शिविर में सभी मरीजों का हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर एवं ब्लड प्रेशर की जांच की गई। 90 बोतल आयरन सिरप अनुराग प्रदीप के सौजन्य से मरीजों को वितरित किया गया। अन्य आवश्यक दवाइयाँ डॉ. विश्वभारती के सहयोग से उपलब्ध कराई गईं. क्लब अध्यक्ष अधिवक्ता जया कुमार एवं सचिव सपना लिख्मानिया के नेतृत्व में आयोजित शिविर में डॉ. विश्वभारती व डॉ. अभिनव अनिल ने लोगों की जांच की. कमल अग्रवाल, लायन सपना रोशन अग्रवाल, अनुराग प्रदीप, राकेश कुमार, प्रिंसिपल एसके रॉय , काली प्रसाद आदि का योगदान रहा.

## बीसीसीएल में आउटसोर्सिंग को एजेंसी नहीं बनने दिया जाएगा : धकोकसं

### विश्वकर्मा परियोजना में धकोकसं की आमसभा



**शुभम संदेश। धनबाद**

धकोकसं के तृतीय चरण के आंदोलन के तहत मजदूरों ने सोमवार को विश्वकर्मा परियोजना में आम सभा का आयोजन किया. इस दौरान विश्वकर्मा परियोजना मे कर्मियों ने धकोकसं के बैनर तले जुलूस निकाला. इस सभा में बस्ताकोला एरिया नौ व कुसुंडा एरिया छह के कर्मी शामिल थे. सभा का नेतृत्व कर रहे संघ के नेता कृष्णा कुमार सिंह ने कहा कि आउटसोर्सिंग कंपनियों को बीसीसीएल का एजेंसी बनने नहीं दिया जाएगा.आज के समय में कालोनी व परियोजना में कल्याणकारी योजनाओं पर काम नहीं हो रहा है. इन फंडों को कोयला भवन में लगा दिया जा रहा है. परियोजनाओं के कार्य स्थल व कार्यालय में गंदगी का अंबार लगा हुआ है,जिसे प्रबंधन अनदेखी कर रहा है. गंदगी के बीच मजदूरों को काम करना पड़ रहा है. प्रबंधन इन समस्याओं का निदान करें.अन्यथा यह आंदोलन निरंतर चलता रहेगा. बता दें कि धकोकसं ने अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के नेतृत्व मे 23 जुलाई से सितंबर 17 तक जनांदोलन का शंखनाद किया है, जिसमें कोल इंडिया, सिंगरेनी, नैवेली कंपनियों को बचाने, ठेका व आउटसोर्सिंग कर्मियों को एचपीसी वेतन भुगतान, निश्शुल्क चिकित्सा, किराया मुक्त आवासीय व्यवस्था, सीएमपीएफ में खाता सुनिश्चित करने, सभी कम्पनियों में सुपर स्पेशलिटी अस्पताल स्थापित करने सहित अन्य मांग शामिल हुए. इस मौके पर संयुक्त महामंत्री भौमिक महतो,सत्यनारायण यादव,तारकेश्वर सिंह, महावीर चौहान, परमानंद यादव, कालीपद महतो,इसराइल खान, शंकर चौहान, सत्येंद्र कुमार, महेंद्र तिवारी, राजाराम पासवान, बिनोद रवानी, रविशंकर सिंह,जयराम सिंह, रघुवीर निषाद, मिथिलेश पासवान, शिव कुमार सिंह,सजन पासवान, लालधारी बेलदार, बीएन सिंह व रणविजय यादव सहित अन्य थे.

# आसनसोल

## बोर्डरा में चाल धंसने से युवक घायल झोलाछाप डॉक्टर के इलाज से मौत

### गुस्साए ग्रामीणों ने किया क्लिनिक का घेराव

**शुभम संदेश। कुल्टी**



बीसीसीएल के दामागोड़िया कोलियरी के बंद पड़े बोर्डरा खदान में चाल धंसने से कोयला खनन कर रहे एक 35 वर्षीय युवक का सर में चोट और शरीर के बायें हिस्से में काफी चोट आयी थी. आनन फानन में स्थानीय लोगों ने उसे इलाज के लिये कुल्टी खलील नगर निवासी एक झोलाछाप डॉक्टर के पास ले गये. डॉक्टर ने लगभग दो से ढाई घंटे तक अपने क्लिनिक में रखने के बाद उसे एक निजी अस्पताल में रेफर कर दिया, जहाँ चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया. मृतक कुल्टी लालबाजार के बाउरी पाडा निवासी बताया जाता है. स्थानीय लोगों ने निजी अस्पताल से मृतक का शव एम्बुलेंस लेकर कुल्टी बोर्डरा रोड स्थित खलील नगर झोलाछाप डॉक्टर के क्लिनिक के सामने एम्बुलेंस में रख कर सड़क अवरोध कर विरोध प्रदर्शन किया. घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पार्षद ललन मेहरा के नेतृत्व में बाउरी पाड़ा के लोगों ने लगभग एक घंटे तक झोलाझाप डॉक्टर के क्लिनिक का घेराव कर बोर्डरा रोड को जाम कर दिया. मृतक के परिजनों ने डॉक्टर के क्लिनिक के पास एम्बुलेंस में रखे शव के पास रोते बिलखते रहे. हालांकि इस घटना को लेकर पुलिस में किसी प्रकार का मामला दर्ज नहीं किया गया. झोलाछाप डॉक्टर ने मुआवजा देने की पेशकश कर मामला को रफा दफा कर दिया.

## कांग्रेस ने की कुल्टी स्टेशन रोड निर्माण के लिए सभा

**कुल्टी (शुभम संदेश)।** कुल्टी ब्लॉक कांग्रेस की ओर से सोमवार को कुल्टी स्टेशन समीप एक पथसभा का आयोजन किया गया. कुल्टी ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष सुकान्त दास के नेतृत्व में हुई सभा में उन्होंने कहा कि कुल्टी रेल पार इलाके के लोगों को जीटी रोड तक जाने के लिये कुल्टी स्टेशन से थाना मोड़ जाने वाली रोड मुख्य सड़क है, जो बीते कई वर्षों से जर्जर है. इसके कारण वाहन चालकों के अलावा आम लोगों को पैदल चलना मुश्किल हो गया है. उन्होंने कहा कि पार्टी की ओर से इसे लेकर सेल ग्रोथ वर्क्स कुल्टी प्रबंधन को ज्ञापन दिया गया है. सुकान्त दास सेल ग्रोथ वर्क्स प्रबंधन की ओर से सड़क निर्माण पर वार्ता के बाद आंदोलन को रोक कर पथसभा का आयोजन किया गया. हालांकि सेल ग्रोथ वर्क्स प्रबंधन की ओर से कुल्टी स्टेशन से थाना मोड़ तक सड़क का पुनर्निर्माण करने का निर्णय लिया गया है. इस अवसर पर मो. इम्तियाज खान, सिराजुल, आईएनटीयूसी प्रतिनिधि सहित काफी संख्या में संगठन के कार्यकर्ता शामिल थे.

## शिक्षक भर्ती घोटाला : आरोपी प्रसन्ना रॉय के ससुराल में ईडी की छापेमारी

**शुभम संदेश। पुरुलिया**



शिक्षक भर्ती घोटाले में आरोपी प्रसन्ना रॉय के ससुराल में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार सुबह बड़ी कार्रवाई करते हुए छापेमारी की. यह छापा सुबह 7 बजे पुरुलिया शहर के वार्ड नंबर 5 स्थित एक घर में मारा गया, जो अब दिवंगत सुरेन मंगल का है. फिलहाल, उनके बेटे शुभम मंगल इसी घर में रहते हैं. जानकारी के अनुसार, घोटाले में गिरफ्तार प्रसन्ना रॉय की शादी सुरेन मंगल की बड़ी बेटी नीलिमा मंगल से हुई थी. इसी संबंध के आधार पर ईडी ने यह कार्रवाई की है. सूत्रों के मुताबिक, ईडी की टीम ने लगभग चार घंटे तक घर की गहन तलाशी ली और कई दस्तावेजों को खंगाला. हालांकि इस छापेमारी को लेकर न तो परिवार के किसी सदस्य ने कुछ कहा और न ही ईडी की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी किया गया है. इलाके में पुलिस बल की तैनाती के बीच स्थानीय लोगों में चर्चाओं का दौर जारी है. लोगों के मन में यह सवाल उठ रहा है कि क्या शिक्षक भर्ती घोटाले की जांच अब और गहराई में जाएगी और किन-किन लोगों के नाम इसमें सामने आ सकते हैं. प्रसन्ना रॉय को पश्चिम बंगाल में हुए बहुचर्चित शिक्षक भर्ती घोटाले में कथित भूमिका के चलते पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है. माना जा रहा है कि उनकी ससुराल के वित्तीय या दस्तावेजी लेनदेन की कड़ियों की जांच के सिलसिले में ईडी ने यह छापा मारा है. सूत्रों का कहना है कि यह कार्रवाई एक बड़ी जांच प्रक्रिया का हिस्सा है और आगामी दिनों में और भी छापेमारी हो सकती है.

## कानून मंत्री ने किया रायफल शूटिंग प्रतियोगिता का उद्घाटन



**शुभम संदेश। रानीगंज**

आसनसोल रायफल क्लब परिसर में 57वीं वेस्ट बंगाल शूटिंग चैंपियनशिप का उद्घाटन हुआ. कल्याणपुर हाउसिंग स्थित राइफल क्लब में होने वाले इस राज्य स्तरीय राइफल और पिस्टल शूटिंग चैंपियनशिप का उद्घाटन मंत्री मलय घटक द्वारा किया गया. इस मौके पर यहां आसनसोल दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट के आयुक्त सुनील कुमार चौधरी, नगर निगम के चेयरमैन अमरनाथ चटर्जी, पश्चिम बंगाल राइफल एसोसिएशन के अध्यक्ष वीके ढल, पार्षद सीके रेशमा आदि उपस्थित थे. झंडा फहराकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया. कानून मंत्री मलय घटक ने कहा कि जिस तरह से यहां पर निशानेबाजी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है, जो सराहनीय है. यहां पर राज्य के विभिन्न जिलों से प्रतिभागी आए हैं और वह अपने दमखम का यहां पर नजारा पेश करेंगे जो कि हमारे देश के आने वाले भविष्य के लिए काफी सकारात्मक भाव का संचार करेंगी. इन्हीं होनहार खिलाड़ियों में से कोई ओलंपिक चैंपियन बनेगा. आसनसोल राइफल क्लब की तारीफ करते हुए कहा कि आसनसोल राइफल क्लब में निशानेबाजों को बेहतर सुविधाएं दी जाती है.

## जानकी मंदिर पंडाल में बिराजेंगे श्रीगणेश



**शुभम संदेश। पुरुलिया**

पारबेलिया सरस्वती क्लब के तत्वावधान में पारबेलिया ईसीएल फुटबॉल मैदान में आयोजित 27 वें गणेश पूजा पंडाल का उदघाटन सोमवार को मुख्य अतिथि जिला सभाधिपति निवेदिता महतो ने सामूहिक रूप से मंगलदीप जलाकर एवं फीता काटकर किया. मौके पर रघुनाथपुर नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष भवेश चटर्जी, सांतुड़ी पंचायत समिति के रामप्रसाद चक्रवर्ती, नितुरिया पंचायत समिति के अध्यक्ष शांतिभूषण प्रसाद यादव, पुरुलिया जिला उपसभापति सुजय बनर्जी, हजारी बाउरी, नितुरिया बीडीओ प्रदीप कुमार सिन्हा, नितुरिया के सह कृषि अधिकारी परिमल बर्मन, याकूब अंसारी, नितुरिया थाना प्रभारी सुकुमार होता, रघुनाथपुर नगरपालिका अध्यक्ष तरुणी बाउरी, जयनाथ चौबे, डॉ सुबल चक्रवर्ती, सोदपुर एरिया के जीएम ऑपरेशन जेपी सिंह, पारबेलिया कोलियरी प्रबंधक संदीप मेहता, भमुरिया ग्राम पंचायत प्रधान अतनु चक्रवर्ती, हँसीबुल रहमान, योगेश पति त्रिपाठी, जिला परिषद के पूर्व सदस्य निर्मल कुमार राउत व अन्य लोग उपस्थित थे. इस वर्ष पंडाल का निर्माण नेपाल में स्थित जानकी मंदिर के तर्ज पर किया गया है. 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी पर सुबह शोभायात्रा निकाली जाएगी इसके साथ ही पूजा की शुरुआत होगी. पूजा के दौरान 10 दिवसीय मेले का भी आयोजन किया गया है. साथ ही अन्य सांस्कृतिक व समाज सेवा मूलक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया है. मुख्य अतिथि ने सिद्धिविनायक भगवान गणेश पूजा की सभी को शुभकामनाएं दी.

### श्रीमत् भूमनंददेव का 107वाँ आविर्भाव महोत्सव

**रानीगंज।** श्रीश्री सीतारामजी भवन में श्रीमत् भूमनंददेव का 107वाँ शुभ आविर्भाव महोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ सम्पन्न हुआ. कार्यक्रम दीप प्रज्वलन से प्रारंभ हुआ. भक्तों ने पूजा-अर्चना, आरती और पुष्पांजलि की. भजन गीत और गुरुप्रसंग पर वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए. किंकर समनंद महाराज, प्रो. रवींद्रनाथ दीक्षित, बसुदेव मंडल चट्टोपाध्याय और प्रो. दीनानाथ घटक ने श्रद्धालुजनों को संबोधित किया. विशाल संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया. सती संघ द्वारा विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया और ओंकारनाथ संस्कृति संघ की प्रस्तुति में पुरुषोत्तम ओंकारनाथ नाटक मंचित हुआ. इस अवसर पर दीक्षा समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें किंकर समनंद जी महाराज ने श्रीठाकुर और श्रीमत् भूमनंददेव की ओर से श्रद्धालुओं को दीक्षा प्रदान की. इच्छुक श्रद्धालुओं ने दीक्षा प्राप्त कर आध्यात्मिक साधना की ओर कदम बढ़ाया. विशेष प्रसंग में श्रद्धालुओं को यह भी बताया गया कि किस प्रकार अनंतश्री ठाकुर सीतारामदास ओंकारनाथदेव ने अपने अद्वितीय आध्यात्मिक सामर्थ्य से परमाणु विकिरण जैसी आपदा को निष्प्रभावी कर मां गंगा को प्रदूषण से बचाया था.

### बलतोड़िया गणेश पूजा मेला को लेकर तृणमूल की गुटबाजी

## एक दूसरे पर लगाया मेला कमिटी के फंड में घोटालेबाजी का आरोप



**शुभम संदेश। बराकर**

बराकर बलतोड़िया में वर्ष 1994 से गणेश पूजा का मेला इन दिनों विवादों मे चल रहा है. गणेश मेला का आयोजित करवाने वाले तृणमूल कार्यकर्ताओं में दो फांड़ हो चूका है. गुट में इलाके के तृणमूल पार्षद अशोक पासवान का गुट है तो दूसरी ओर तृणमूल कार्यकर्ता निर्मल बिन्द और कृष्ण धाड़ी सहित बदरे आलम और आशा देवी व संतोष पासवान हैं. दोनों गुट एक दूसरे पर मेला कमिटी के फंड में घोटाले बाजी करने का आरोप लगा रहे हैं. दोनों गुट एक दुसरे के खिलाफ साबुत भी दिखा रहे हैं. पूर्व मेला कमिटी के लोगों ने एक संवाददाता सम्मेलन पार्षद अशोक पासवान भाजपा कर्मियों को लेकर मेला कमिटी चला रहे हैं, तृणमूल नेत्री आशा देवी ने कहा की अशोक 66 नंबर वार्ड में कमजोर हो रही है. पूर्व मेला कमिटी द्वारा 60 हजार रुपए के घोटाला करने के आरोप भी लगाया हैं.

### जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत और बेहतर बनाने के लिए सीएस ने किया भागलपुर का दौरा

## सिविल सर्जन ने की भागलपुर के आईएमए पदाधिकारियों से मुलाकात

संवाददाता । साहिबगंज



जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत और बेहतर बनाने के उद्देश्य से सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान ने भागलपुर का दौरा किया. उन्होंने भागलपुर पहुंच कर आईएमए (इंडियन मेडिकल एसोसिएशन) के अध्यक्ष और सचिव सहित कई वरिष्ठ चिकित्सकों से मुलाकात की. डॉ. पासवान ने आईएमए, भागलपुर की अध्यक्ष डॉ. रेखा झा और सचिव डॉ. आर.पी. जायसवाल से मिलकर साहिबगंज सदर अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी को दूर करने के विषय पर विस्तृत चर्चा की. इस मुलाकात के दौरान आईएमए सचिव ने तत्काल अपने व्हाट्सऐप ग्रुप में एक संदेश साझा कर सभी चिकित्सकों से साहिबगंज की स्वास्थ्य सेवाओं में सहयोग देने का आग्रह किया. बैठक में यह सहमति बनी कि भागलपुर के अनुभवी चिकित्सक समय-समय पर साहिबगंज आकर मरीजों को विशेष सेवाएं प्रदान करेंगे. आईएमए पदाधिकारियों ने इस पहल के लिए पूर्ण संगठनात्मक सहयोग का आश्वासन दिया.

**वरिष्ठ चिकित्सकों से चर्चा**

सिविल सर्जन ने जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, भागलपुर के रेडियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. प्रसून कुमार, वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. नीरज शरॉफ और लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. पंकज कुमार से भी भेंट की. इन चर्चाओं में साहिबगंज सदर अस्पताल को विभिन्न विभागों और सुपर स्पेशियलिटी सेवाओं से जोड़ने की संभावनाओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया. डॉ. पंकज कुमार ने सदर अस्पताल में अपनी सेवाएं देने में रुचि भी दिखाई. यह स्पष्ट किया गया कि सभी विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं झारखंड सरकार के नियमों और नियमानुसार ही देंगे. डॉ. पासवान ने बताया कि दो विशेषज्ञ चिकित्सक पहले ही उनसे संपर्क कर चुके हैं और जल्द ही सदर अस्पताल में अपनी सेवाएं देना शुरू कर देंगे. यह कदम जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने और मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है. इन विशेषज्ञों की उपलब्धता से अब गंभीर और जटिल बीमारियों का इलाज स्थानीय स्तर पर ही संभव हो सकेगा, जिससे मरीजों को काफी राहत मिलेगी.

### ब्रीफ खबरें

#### गोस्वामी समाज के अध्यक्ष का निधन

**कसमार (बोकारो)।** गोस्वामी समाज के वरिष्ठ नेता और बोकारो जिला गोस्वामी समाज के आजीवन निर्विरोध अध्यक्ष सुंदर गोस्वामी का निधन हो गया. वे लंबे समय से किडनी की बीमारी से जूझ रहे थे. उनके निधन से न केवल समाज, बल्कि पूरे खोरठा जगत में भी शोक की लहर दौड़ गई है. सुंदर गोस्वामी ने बोकारो में गोस्वामी समाज को संगठित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और जीवन भर जातीय सम्मेलन का नेतृत्व करते रहे. इस दौरान गोस्वामी समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष चक्रधर नाथ गोसाईं, जिलाध्यक्ष डॉ. पूर्णेन्दु गोस्वामी, उपाध्यक्ष अशोक पारस, सचिव सरयू प्रसाद गोस्वामी, कोषाध्यक्ष कामेश गोस्वामी, सहसचिव हरेकनाथ गोस्वामी, ललित, कुणाल, संजीव गोस्वामी, साथ ही गौतम गिरि, रंजन गिरि, निकेश गिरि और अनेक लोग उनकी अंतिम यात्रा में शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की.

#### पर्युषण पर्व: छठे दिन जप दिवस मना

**बोकारो।** चास-बोकारो स्थित श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा के तत्वावधान में मनाए जा रहे पर्युषण पर्व के छठे दिन सोमवार को आचार्य श्री महाश्रमण के आध्यात्मिक मार्गदर्शन में जप दिवस मनाया गया. यह कार्यक्रम चास के पुराना कुलदीप टॉकीज कॉम्प्लेक्स स्थित माणकचंद छल्लाणी निवास स्थान में आयोजित हुआ. इस अवसर पर उपासिका सायर जी कोठारी और संगीता जी पटावरी ने मंत्र जप के महत्व और विधियों पर विस्तृत जानकारी दी. उन्होंने बताया कि जप का अर्थ है किसी शब्द या मंत्र को बार-बार दोहराना. उन्होंने कहा कि वैदिक, जैन और बौद्ध परंपराओं में मंत्रों का विशेष महत्व रहा है.

#### उपायुक्त ने की सड़क परियोजनाओं की समीक्षा

**दुमका।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में भू-अर्जन, पथ निर्माण, एनएचएआई और रेलवे परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक हुई. उपायुक्त ने विभिन्न योजनाओं पर काम कर रही एजेंसियों से उनकी वर्तमान स्थिति की जानकारी ली. उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि भूमि अधिग्रहण से संबंधित सभी भुगतान नियमानुसार और जल्द से जल्द लाभार्थियों को किए जाए और किसी का भी भुगतान लंबित न रखा जाए. सड़क से जुड़े कार्यों की चर्चा करते हुए उपायुक्त ने सड़कों पर मौजूद छोटे-छोटे गड्ढों की तत्काल मरम्मत सुनिश्चित करने को कहा. साथ ही उन्होंने टावर चौक पर जेब्रा क्रॉसिंग बनाने का भी निर्देश दिया.

#### गांडेय में ग्राम सभा की मजबूती पर हुई चर्चा

**गांडेय ।** गांडेय प्रखंड के उदयपुर पंचायत भवन में सोमवार को संवाद नामक संस्था द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया. इस बैठक का नेतृत्व पंचायत समिति सदस्य दलोनी मुर्मू ने किया, जिसमें पंचायत के सभी गाँवों के ग्राम प्रधान और वार्ड सदस्य उपस्थित थे. बैठक में ग्राम सभा की मजबूती, स्थायी समिति और ग्राम सभा सचिवालय को सशक्त बनाने पर चर्चा हुई. इसके अलावा, अखड़ा टीम को मजबूत करने और नियमित रूप से पंचायत स्तरीय खेल-कूद का आयोजन करने का भी निर्णय लिया गया. सर्वसम्मति से यह तय किया गया कि पंचायत के सभी गाँवों में एक वर्ष में चार ग्राम सभा की बैठकें आयोजित की जाएँगी. स्थायी समिति की नियमित बैठकें सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी ग्राम प्रधानों को दी गई है. यह भी निर्णय लिया गया कि प्रत्येक महीने की 2 तारीख को पंचायत कार्यकारिणी समिति की बैठक अनिवार्य रूप से की जाएगी. बैठक में उप-मुखिया त्रिपुरारी प्रसाद वर्मा, सरिता कुमारी, सुनील कुमार गुप्ता, कपिल दास, हीरा लाल मुर्मू, अजय राय, ग्राम प्रधान प्रधान मुर्मू, रुपन मुर्मू, रस्सी सोरेन सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे.

## जमुआ : जमीन पर अवैध कब्जा ग्रामीणों ने की सड़क जाम

शुभम संदेश । जमुआ (गिरिडीह)





जमुआ अंचल के हीरोडीह थाना क्षेत्र के नायकडीह गांव के ग्रामीणों ने भू-माफियाओं द्वारा गैर मजरूआ परती कदीम जमीन पर अवैध कब्जे के विरोध में सोमवार को जमुआ-कोडरमा मुख्य मार्ग पर मंगरीहाट के पास सड़क जाम कर दिया. आक्रोशित ग्रामीणों ने कहा कि जब तक अवैध निर्माण हटाया नहीं जाएगा, वे पीछे नहीं हटेंगे. यह जाम लगभग डेढ़ घंटे तक चला. कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए, हीरोडीह थाना प्रभारी महेश चंद्र अपनी टीम के साथ मौके पर पहुँचे.

**ग्रामीणों की शिकायत**

जाम में शामिल जिला परिषद सदस्य विजय पांडेय, सामाजिक कार्यकर्ता निर्भय कुमार राय और अन्य ग्रामीणों ने बताया कि नायकडीह मौजा में खाता संख्या 16 और प्लॉट संख्या 527 पर स्थित 8 एकड़ गैर मजरूआ परती कदीम भूमि पर भू-माफिया कथित रूप से फर्जी कागजात के सहारे कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं. ग्रामीणों ने इस संबंध में 3 दिसंबर 2024 को जमुआ सीओ, खोरीमहुआ एसडीओ और जिला उपायुक्त को आवेदन देकर सरकारी जमीन को बचाने की मांग की थी. भू-माफियाओं की जबरदस्ती देखकर ग्रामीणों ने 7 दिसंबर को अंचल कार्यालय के सामने धरना-प्रदर्शन भी किया था, जिसके बाद अधिकारियों ने काम रुकवाकर जांच शुरू कर दी थी. 19 मार्च को जब फिर से जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की गई, तो ग्रामीणों ने अनुमंडल कार्यालय में आवेदन देकर काम रुकवाया. लेकिन, रविवार की रात फिर से काम शुरू होने पर ग्रामीणों का गुस्सा भड़क उठा और वे सड़क जाम पर उतर आए. आंदोलन कर रहे ग्रामीण अवैध निर्माण को तोड़ने की मांग कर रहे थे.

**आश्वासन के बाद जाम हटा**

करीब डेढ़ घंटे बाद, सीओ प्रशांत कुमार चांद, जितेंद्र अचल और राजस्व कर्मचारी अविनाश कुमार मौके पर पहुंचे. ग्रामीण उच्च अधिकारियों के आने की मांग पर अड़े थे. सीआई ने फोन पर उच्च अधिकारियों से बात की और ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जांच की प्रक्रिया चल रही है और जल्द ही अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी. इस आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने सड़क जाम हटा लिया.

### बीमा कर्मचारी संघ ने किया दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन

**गिरिडीह (शुभम संदेश) ।** अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ के प्लेटिनम जयंती वर्ष के अवसर पर बीमा कर्मचारी संघ, हजारीबाग मंडल, गिरिडीह शाखा इकाई द्वारा एक दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया. अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ के प्लेटिनम जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में, गिरिडीह शाखा इकाई ने बड्र्स गार्डन स्कूल, राजगंज, धनबाद में एक डेंटल चेक-अप कैंप लगाया. इस कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सचिव धर्म प्रकाश ने बताया कि यह अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ का प्लेटिनम जुबली वर्ष है. इस चेक-अप कैंप में 500 से अधिक एनसीसी कैडेट्स के दाँतों की जाँच की गई. ज्ञात हो कि इस स्कूल में पूरे झारखंड के एनसीसी कैडेट्स का कैंप लगा हुआ है. एनसीसी के एरिया कमांडिंग ऑफिसर के आग्रह पर यह शिविर लगाया गया. इस शिविर में डॉ. बी.के. झा, डॉ. सुष्मिता बरनवाल, डॉ. मोहित कुमार, डॉ. एस.के. तर्व, और डॉ. सचिन कुमार ने कैडेट्स के दाँतों की जाँच की और उन्हें दाँतों की स्वच्छता (डेंटल हाइजीन) के लिए उचित सलाह दी. कैंप में कैडेट्स के बीच निःशुल्क मेडिकेटेड टूथपेस्ट और दवाइयाँ भी वितरित की गईं. एनसीसी के एरिया सीओ तथा अन्य अधिकारियों और स्कूल प्रबंधन ने संघ को धन्यवाद दिया कि उन्होंने इतने बच्चों के दाँतों की जाँच और इलाज किया और दाँतों की स्वच्छता के लिए उचित सलाह दी.

## डीपीएस के छात्रों ने अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में दिखाया कौशल

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जीता प्रथम पुरस्कार



शुभम संदेश । बोकारो

डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों ने बीआईटी मेसरा में आयोजित राज्य स्तरीय अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया. राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस प्रतियोगिता में डीपीएस की सीनियर टीम ने अपने रॉकेट व सैटेलाइट मॉडल के लिए पहला पुरस्कार जीता. वहीं, जूनियर टीम ने अंतरिक्ष मलबे को हटाने के अभिनव प्रोजेक्ट के लिए तीसरा स्थान प्राप्त किया. इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने छात्रों को बधाई दी. सीनियर टीम में अंजलि शर्मा, विस्मय विहांग, हर्षित प्रकाश, आयुषी शर्मा और अमित दत्ता शामिल थे, जबकि जूनियर टीम में श्रेष्टा चतुर्वेदी, यश राज, प्रतीक वर्मा, धव्य दर्शित और प्रत्यूष कुमार थे.

## सांसद की पहल पर आश्रित परिवार को मिला नियुक्ति पत्र



शुभम संदेश । बोकारो

बोकारो स्टील प्लांट के ट्रैफिक विभाग में कार्यरत प्रदीप कुमार गोस्वामी का लंबी बीमारी के बाद रविवार को इलाज के दौरान निधन हो गया. बोकारो स्टील प्रबंधन और मेडिकल बोर्ड की कमियों के कारण उनके जीवित रहते उनके आश्रित को नियमानुसार नियुक्ति पत्र नहीं मिल पाया था. जब इस बात की जानकारी धनबाद के सांसद ढुलु महतो को मिली, तो उन्होंने बोकारो स्टील प्रबंधन से बात की. उनके निर्देश पर श्याम गुप्ता, विनेश नायक और अविनाश सिंह ने सेल प्रबंधन के साथ वार्ता में भाग लिया. इस वार्ता के बाद मृतक के आश्रित को नौकरी का ऑफर लेटर देने पर सहमति बनी. इसके बाद, सांसद ने स्वयं मृतक की पत्नी को बोकारो स्टील प्लांट में नौकरी का ऑफर लेटर प्रदान किया. इस अवसर पर मृतक के परिजन और शुभचिंतक भी उपस्थित थे. सांसद के इस सराहनीय और मानवीय प्रयास की बोकारो के मजदूरों और नागरिकों ने सराहना की है.

## एमएसएमई लीन मैन्युफैक्चरिंग जागरुकता कार्यक्रम

शुभम संदेश । बोकारो



सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना एमएसएमई कॉम्पिटिटिव (लीन) मैन्युफैक्चरिंग स्कीम पर एक दिवसीय जागरुकता कार्यक्रम सोमवार को सिटी पार्क के डैफोडिल फूड में संपन्न हुआ. इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बोकारो जिले की एमएसएमई इकाइयों को अपने उत्पादन में गुणवत्ता सुधार और लाभ बढ़ाने के लिए इस योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित करना था. कार्यक्रम की शुरुआत झारखंड स्मॉल टिन्नी सर्विस एंड बिजनेस इंटरप्राइजेज एसोसिएशन, बोकारो के राज्य अध्यक्ष कुंदन कुमार उपाध्याय ने की. मुख्य अतिथि डॉ. प्रियदर्शी जरूहार, निदेशक, गुरु गोविंद सिंह एजुकेशनल एंड टेक्निकल सोसाइटी कैंपस, कांड्रा (बोकारो) ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी माहौल में एमएसएमई इकाइयों को अपने उत्पादों की गुणवत्ता और कम लागत पर विशेष ध्यान देना चाहिए, ताकि वे बाजार में सफल हो सकें. कुंदन कुमार उपाध्याय ने बताया कि बोकारो की 150 से अधिक एमएसएमई इकाइयों को प्लेज सर्टिफिकेट दिया जा चुका है. उन्होंने उद्यमियों से इस लीन योजना को अपनाकर गुणवत्ता और उत्पादकता बढ़ाने पर जोर देने का आग्रह किया. राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद, पटना के क्षेत्रीय निदेशक जेके सिंह ने भारत सरकार के इस योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्णय के बारे में बताया. अपूर्वा सिन्हा, प्रोफेसर, गुरु गोविंद सिंह एजुकेशनल एंड टेक्निकल सोसाइटी कैंपस, कांड्रा ने बताया कि उनके कॉलेज ने बियाडा औद्योगिक क्षेत्र के साथ एक समझौता किया है ताकि वहां के उद्यमियों को तकनीकी सहायता प्रदान की जा सके. कार्यक्रम में करीब 25 उद्यमियों को मुख्य अतिथि द्वारा प्लेज सर्टिफिकेट दिए गए. इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कुमार पाठक, कैलाश राय, आर.डी. उपाध्याय, अरुण सिंह, शशि भूषण ओझा सहित कई अन्य लोगों ने भाग लिया.

### न्यूज अपडेट

#### जिप सदस्य ने की पीरटांड़ में रिम्स 2 बनाने की मांग

**डुमरी (शुभम संदेश) ।** जिला परिषद सदस्य सुनीता कुमारी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एक पत्र भेजकर पीरटांड प्रखंड में रिम्स 2 की स्थापना करने की मांग की है. उन्होंने पत्र में लिखा है कि रांची के नगड़ी में रिम्स 2 के निर्माण को लेकर स्थानीय लोग विरोध कर रहे हैं, जिसका विरोध पूर्व में दिशोम गुरु शिबू सोरेन भी कर चुके हैं. इसके अलावा, रांची में पहले से ही रिम्स, देवघर में एम्स और धनबाद में एसएनएमएमसीएच जैसे बड़े स्वास्थ्य संस्थान मौजूद हैं. इन स्थानों पर स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त करते हुए, उन्होंने मुख्यमंत्री से दिवंगत शिबू सोरेन की आंदोलन भूमि रही पीरटांड में रिम्स 2 की स्थापना करने का आग्रह किया. उनका तर्क है कि यह एक अति पिछड़ा क्षेत्र है, जहां से शिबू सोरेन ने गरीबों, पिछड़ों और आदिवासियों के हक की लड़ाई शुरू की थी. जिप सदस्य ने आगे कहा कि गिरिडीह एक बड़ा जिला है, जहां लाखों की आबादी है, लेकिन स्वास्थ्य के मामले में यह काफी पिछड़ा हुआ है. यहां वैसी स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं हैं, जहां गरीब और पिछड़े लोग सरकारी सुविधाओं से अपना इलाज करा सकें. क्षेत्र के गरीबों को इलाज के लिए 150 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करके रांची के रिम्स जाना पड़ता है. कई गरीब परिवार तो आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण रांची रिम्स भी नहीं जा पाते हैं. उन्होंने जोर देकर कहा कि पीरटांड में रिम्स 2 की स्थापना होने से इस क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ-साथ रोजगार भी मिलेगा. उन्होंने इस मांग पत्र की एक प्रति झारखंड सरकार के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू को भी भेजी है.

#### जस्ट ट्रांजिशन और आजीविका पर साझा संकल्प संवाद

**कसमार (शुभम संदेश) ।** सारथी झारखंड जस्ट ट्रांजिशन नेटवर्क, सहयोगिनी और पंच सफर के संयुक्त तत्वावधान में बहादुरपुर स्थित सहयोगिनी संस्था के विवेकानंद सभागार में साझा संकल्प संवाद का आयोजन किया गया. इस संवाद का मुख्य उद्देश्य जस्ट ट्रांजिशन (न्यायसंगत बदलाव) और आजीविका से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करना था. इस संवाद में बोकारो जिले के विभिन्न संस्थानों और संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और अपने विचार साझा किए. मुख्य वक्ताओं ने उन समुदायों के लिए जस्ट ट्रांजिशन के महत्व पर ज़ोर दिया, जिनकी आजीविका खनन और औद्योगिक गतिविधियों से प्रभावित होती है. कार्यक्रम में पंच सफर संस्था के गुलाब चंद्र, सहयोगिनी के निदेशक गौतम सागर और सुबोध सिंह पवार सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने अपने विचार व्यक्त किए. कार्यक्रम के दौरान विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं से पिंकी देवी, रीना कुमारी, मरियम कुमारी, समीना खातून, मनोज सिंह, प्रकाश कुमार महतो, सूरजमनी देवी, विनोद कुमार यादव, विनीता देवी, विजय कुमार महतो, विजय एक्वा, गिरीश मिश्रा, सनी कुमार, अभय कुमार सिंह, रवि कुमार राय और अन्य लोग उपस्थित थे.

#### कुएं में गिरे हिरण को वनकर्मी और ग्रामीणों ने बचाया



**कसमार (शुभम संदेश) ।** कसमार प्रखंड के लोधकियारी जंगल से भटककर एक हिरण गांव में आ गया. लोगों को देखकर घबराया हिरण भागने के दौरान एक गहरे कुएं में गिर गया. इस घटना की सूचना तुरंत केंद्रीय वन पर्यावरण सुरक्षा सह प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष विष्णु चरण महतो और अन्य ग्रामीणों ने वन विभाग को दी. सूचना मिलने पर प्रभारी वनपाल तोहिद अंसारी, सुरेश टुडू, और देवनाथ महतो मौके पर पहुंचे. ग्रामीणों के सहयोग से एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद हिरण को सुरक्षित कुएं से बाहर निकाला गया. इसके बाद उसे उपचार के लिए पेटरवार वन क्षेत्र कार्यालय ले जाया गया. प्रभारी वनपाल तोहिद अंसारी ने बताया कि हिरण को हल्की चोटें आई हैं और उसका इलाज चल रहा है. पूरी तरह स्वस्थ हो जाने के बाद उसे वापस घने जंगल में छोड़ दिया जाएगा. मौके पर किसुन महतो, परमेश्वर महतो, राजेश महतो, दशरथ महतो, राम महतो, किष्टो महतो, हरीहर महतो, बंशी महतो समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे. .

#### उधवा प्रखंड में बनेंगे 16 नए मतदान केंद्र: बीडीओ

**साहिबगंज (शुभम संदेश) ।** सोमवार को उधवा प्रखंड कार्यालय में बीडीओ सह सीओ जयंत कुमार तिवारी की अध्यक्षता में बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) और सुपरवाइजरों की एक समीक्षा बैठक हुई. बैठक में बताया गया कि प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में 16 नए मतदान केंद्र बनाए जाने हैं और इस पर काम तेजी से शुरू हो गया है. संबंधित बीएलओ और सुपरवाइजरों को नए मतदान केंद्रों के लिए मतदाताओं को जोड़ने, नजरी नक्शा और गूगल मैप तैयार करने का प्रशिक्षण दिया गया. बीडीओ जयंत कुमार तिवारी ने कार्य की समीक्षा की और सुपरवाइजरों को निर्देश दिया कि वे इस काम को जल्द से जल्द पूरा करें. इस मौके पर प्रशिक्षक भरत मंडल, सुपरवाइजर बैद्यनाथ ठाकुर, रुहुल शेख, मोनिका मुर्मू, और देवाशीष कुमार साहा सहित अन्य लोग मौजूद थे.

#### टीबी उन्मूलन और फाइलेरिया मरीजों के लिए कार्यक्रम आयोजित

**जमुआ (शुभम संदेश) ।** जमुआ के रेम्बा पंचायत सचिवालय में स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहाँ स्वास्थ्य कर्मियों ने ग्रामीणों को टीबी उन्मूलन कार्यक्रम की जानकारी दी. जमुआ से आए स्वास्थ्यकर्मी एमटीएस अभय कुमार, एलटी निशांत कुमार यादव और एमपी डब्लू विकास कुमार ने ग्रामीणों को बताया कि स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य 2025 तक टीबी को पूरी तरह से खत्म करना है. इस दौरान, कई लोगों के बलगम के नमूने भी लिए गए. सहयोगी संस्था पिरामिड फाउंडेशन के राघवेंद्र कुमार ने लोगों को टीबी से बचाव के उपायों पर ध्यान देने की सलाह दी. इस कार्यक्रम में फाइलेरिया के मरीजों के बीच एमएमडीपी किट का वितरण भी किया गया. मौके पर एएनएम अराधना कुमारी, उप मुखिया मनोहर पंडित, सहिया कुमकुम सुप्रिया, रनीता देवी, प्रियंका कुमारी और सहिया साथी समीना खातून सहित कई लोग उपस्थित थे.

#### एनसीसी छात्रा का राष्ट्रीय फायरिंग प्रतियोगिता के लिए चयन

**डुमरी (शुभम संदेश) ।** डुमरी के पारसनाथ महाविद्यालय की एनसीसी छात्रा अंडर ऑफिसर कंचन कुमारी का चयन राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली फायरिंग प्रतियोगिता के लिए हुआ है. कंचन ने बिहार-झारखंड एनसीसी निदेशालय द्वारा आयोजित विभिन्न प्रशिक्षण शिविरों में अपनी असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन किया. कठिन से कठिन लक्ष्यों को भेदने की उनकी निपुणता ने ही उन्हें राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए चुना गया है. वर्तमान में कंचन बरौनी में प्रशिक्षण ले रही हैं और 31 अगस्त को दिल्ली रवाना होंगी, जहाँ देश भर के बेहतरीन एनसीसी निशानेबाज अपना कौशल दिखाएंगे. उन्होंने अपनी इस उपलब्धि से न केवल अपने कॉलेज और बटालियन का, बल्कि अपने जिले और प्रखंड का भी मान बढ़ाया है. कंचन ने अपनी सफलता का श्रेय बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल विजय कुमार, एनओ लेफ्टिनेंट पिंटू कुमार और लेफ्टिनेंट दिव्या राती को दिया है. कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार मिश्रा और सभी शिक्षकों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है.

#### कर्ज की रकम लौटाने की मांग पर युवक पर फायरिंग, बाल-बाल बचा

**बोकारो (शुभम संदेश)।** सेक्टर-12 थाना क्षेत्र में शनिवार की रात टैक्स सलाहकार अभिषेक सिंह पर गोलीबारी की गई. जिसमें वह बाल-बाल बच गए. जानकारी के अनुसार, अभिषेक सिंह (निवासी सेक्टर-12 डी/1165) रात में अपने घर की सीढ़ियों से नीचे उतर रहे थे, तभी उन पर दो गोलियां चलाई गईं. इस संबंध में उन्होंने थाना में आवेदन दिया है. अभिषेक ने आरोप लगाया है कि यह हमला उनके दोस्त, सेक्टर-01 निवासी चंद्रमोहन झा द्वारा कराया गया है. अभिषेक का कहना है कि उन्होंने चंद्रमोहन को करीब 17 लाख रुपये उधार दिए थे और रकम की वापसी मांगने पर ही यह जानलेवा हमला हुआ. सिटी डीएसपी आलोक रंजन ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है और चंद्रमोहन की तलाश जारी है.

